CMYK

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 12 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे: योगी पेज 2



भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा, वेस्टइंडीज से 378 रन आगे खेल टाइम्स



ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पेज 11



दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड

## बागपत: मस्जिद में मौलाना की पत्नी व दो बेटियों की हत्या

### ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** गांगनौली गांव में शनिवार को दिल दहलाने वाली घटना हो गई। गांव की बड़ी मस्जिद के इमाम की पत्नी व उनके दो बच्चों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इन तीन हत्याओं का पता उस समय लगा, जब मस्जिद में प्रतिदिन पढ़ने आने वाले बच्चे वहां पहुंचे। यहां उन्हें जब कोई नहीं मिला, तो मस्जिद के ऊपर बने कमरे में पहुंचे।

वहां तीनों के शव खून से लथपथ बैड व फर्श पर पड़े देखकर बच्चे किलकारी मारते हुए बाहर भागे। पड़ोसियों ने उनसे पूछताछ की, तो तब घटना का पता लगा। सूचना पाकर एसपी, एएसपी, सीओ व आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया कि मौलाना इब्राहिम देवबन्द गए हुए थे। उन्हें घटना की सूचना दी गई। पुलिस शवों को कब्जे में करने लगी तो लोगों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस से लोगों की जमकर नोक-झोंक हुई। लोगों ने एसपी के तीन दिन में हत्यारे का पता लगाकर जेल भेजने के आश्वासन पर शव उठने दिए। गांगनौली गांव की बड़ी मस्जिद में शामली जिले के सुन्ना गांव निवासी -शेष पृष्ठ दो पर



■ पीट-पीटकर वारदात को दिया गया अंजाम, लोगों में भारी आक्रोश

#### सिर पर भारी हथियार से किया गया वार

तीनों के सिर पर भारी हथियार से वार किया गया है। सिर और चेहरे से ब्लड निकल रहा था। पूरे कमरे में खून ही खून फैला पड़ा था। तीनों शवों को देखने से साफ लग रहा है कि हत्या बेरहमी से पीट-पीटकर की गई है। वारदात के वक्त मौलाना इब्राहिम घर पर मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

## डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने डिजिटल युग में लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर हमलों, डिजिटल माध्यम से पीछा करने, व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरों जैसी समस्याओं के कारण लड़कियां गंभीर रूप से असुरक्षित हैं। उन्होंने कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों और नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि संविधान और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश की कई बालिकाओं को अब भी दुर्भाग्य से उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवित रहने के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा जाता है।



■ कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण पर जोर दिया

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी ने पूर्व IPS पूरन कुमार की पत्नी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर सांत्वना देते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में वह उनके साथ खड़ी हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह दुखद और व्यथित करने वाली घटना है। उनका कहना था कि श्री पूरन कुमार ने सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा उतरने के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। उनका काम याद दिलाता है कि हमारे देश में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठता के मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं। श्रीमती गांधी ने श्रीमती अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि आपके पति और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की दुखद दुर्घटना में मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। इस कठिन समय में मेरी और कांग्रेस संसदीय दल की ओर से आपको और आपके पूरे परिवार को हार्दिक संवेदना।

### शिवांगी सिंह की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार के प्रयास का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** भारत ने प्रतिष्ठित क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) बैज हासिल करने वाली भारतीय वायु सेना की पहली फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की बैज हासिल करने के समय की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार करने की पाकिस्तान की कोशिशों का शनिवार को पर्दाफाश कर दिया। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के इस दावे की भी पोल खोल दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने इस महिला फाइटर पायलट के विमान को गिराकर उन्हें पकड़ लिया था। दरअसल वायुसेना ने तांबरम स्थित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल में छह महीने का गहन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 59 अन्य अधिकारियों के साथ यह प्रतिष्ठित बैज हासिल करने के समय की स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थी।

### रिलायंस पावर के सीएफओ अशोक कुमार पाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी का यह मामला 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग से जुड़ा है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) को धोखा देने से संबंधित है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने शुक्रवार रात दिल्ली में कई घंटे की पूछताछ के बाद अशोक कुमार पाल को हिरासत में लिया। एजेंसी ने उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। शनिवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी उनकी रिमांड की मांग कर सकती है।

## मेरी भारत यात्रा से पाक में बेचैनी: अमीर मुत्ताकी

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने देवबन्द में कहा: भारत से रिश्ते होंगे मजबूत

**देवबन्द।** देवबन्दी विचारधारा मानने वाले अफगानिस्तान के युवा विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी भारत यात्रा से पाकिस्तान हुक्मरान में जबरदस्त बेचैनी है।

देवबन्दी विचारधारा के शिक्षण केंद्र दारुल उलूम के अतिथि गृह में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं। उन्हें भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली है। उन्हें भरोसा है कि भारत से उनके मुल्क के रिश्तों में मजबूती और गर्माहट आएगी। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता संभालने के बाद वहां के किसी भी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। वह नौ अक्टूबर को भारत आए थे और 16 अक्टूबर को उनकी वतन वापसी है। शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई बातचीत को उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ कारोबार बढ़ेगा। उन्हें यह भी विश्वास है कि भारत देर-सवेर उनकी सरकार को मान्यता दे देगा। श्री मुत्ताकी का दारुल उलूम में जोश-खरोश से स्वागत किया गया। संस्था के प्रमुख मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने संस्था का इतिहास और उसकी स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और यहां की शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी। मोहतमिम नोमानी ने कहा कि यदि अफगानी छात्रों को दोनों सरकारें दारुल उलूम में शिक्षा देने के दरवाजे खोलती है, तो वह उसका स्वागत करेंगे। जमीयत उलमाए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने उन्हें इस संस्था से पुराने रिश्तों -शेष पृष्ठ दो पर



■ भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं: मुत्ताकी
■ बोले- भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली

### दारुल उलूम देवबन्द, जहां से उठती है इल्म और इंकलाब की रोशनी

अथर उस्मानी

**देवबन्द।** वो इल्मी और रूहानी मरकज़ जहां से न सिर्फ़ आलिम और मुफ़स्सिर निकले, बल्कि मुल्क की आज़ादी और उम्मत की रहनुमाई का अलम भी बुलंद हुआ।

दारुल उलूम देवबन्द की अहमियत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अफ़ग़ानिस्तान के वज़ीर-ए-ख़ारिजा अमीर ख़ान मुत्ताक़ी ख़ुद देवबन्द पहुंचे ताकि आख़िरी सबक (दौर-ए-हदीस) पढ़ सकें, यानी वो मुक़ाम जहां से किसी आलिम की तकमील-ए- इल्म होती है। ये कोई मामूली वाक़या नहीं है। जिस शख़्स के ज़िम्मे एक मुल्क की बाहरी सियासत है, वो अब दारुल उलूम, देवबन्द के उस्तादों से इल्म की रोशनी लेने आया है, यानी इल्म की ताक़त को सियासत पर हावी मानना, यही असल देवबन्दी फ़िक्र है। 1857 की जंग-ए-आज़ादी के बाद जब अंग्रेज़ों ने दिल्ली की रूह को कुचल दिया, तो देवबन्द की इस ज़मीन पर कुछ सादगी पसंद उलेमा ने मशाल-ए-इल्म जलाई।

■ दुनिया में बहुत से मदरसे हैं, लेकिन कुछ जगह वक्त से आगे निकलकर तारीख़ का हिस्सा बन जाती हैं, ऐसी ही एक जगह है दारुल उलूम

### पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गई है।

## हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए: मोदी

### पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा, पीएम ने 35 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था। पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20 फीसदी बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17 फीसदी बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15 फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का किया उद्घाटन



### ओडिशा में 160 करोड़ की दो मत्स्य परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा को एक बड़ी सौगात दी है। इसके तहत पीएम मोदी ने ओडिशा में करीब 160 करोड़ रुपये की दो बड़ी मछली पालन (मत्स्य) परियोजनाओं की वर्चुअली आधारशिला रखी। ये आयोजन दिल्ली से हुआ, जहां उन्होंने 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर दाल मिशन की भी शुरुआत की। ओडिशा की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्यपाल सिन्हा ने दो शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को सेना के दो शहीद पैराट्रूपर्स लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष को पुष्पांजलि अर्पित की, जो एक आतंकवादी अभियान के दौरान खराब मौसम से जूझते हुए शहीद हो गए थे। लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष ने कोकरनाग के किश्तवाड़ रेंज में खराब मौसम की स्थिति से जूझते हुए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराज्यपाल ने कहा, ष्मैं सेना के बहादुर जवानों लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों की अनुकरणीय वीरता एवं निस्वार्थ सेवा के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। हम दुख की इस घड़ी में अपने शहीदों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अर्धरात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के चकभूईधर गांव में शुक्रवार की रात आठ बनवासी लोगों का रिहायशी बस्ती जलकर राख हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि रंजिश की वजह से बस्ती जलाया गया है। बताया जाता है कि गांव में पुलिस चौकी के पीछे तालाब की जमीन पर बनवासी बस्ती है। पीड़ितों के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे मड़हों में आग लग गई है। किसी तरह बस्ती के लोगों ने बाहर निकल कर जान बचाई। अग्नि की लपटें इतनी तेज थी कि सामान निकालने का मौका तक नहीं मिल सका।

### एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे : योगी

# कालीन उद्यमी अमेरिकी टैरिफ से न घबराएं

**भदोही, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही के कालीन उत्पादकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है।

योगी ने यहां 49वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा ष्जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में

■ **सीएम ने भदोही में अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ किया**

तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे। सरकार ने इस विषय पर हाई लेवल कमेटी का गठन किया है, जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजापुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कार्पेट एक्सपो मार्ट की स्थापना की गई। जब पहला एक्सपो हुआ था, तब विदेशी खरीदारों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन आज 88 देशों से तीन से चार सौ फॉरेन बायर्स यहां आ रहे हैं। यह बताता है कि ग्लोबल मार्केट में आपके कालीनों की मांग कितनी बढ़ी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी सरकार ने कार्पेट सेक्टर सहित एमएसएमई और ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट) योजना के तहत प्रत्येक जिले में विशिष्ट उद्योगों को प्रोत्साहित किया है। भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल, फिरोजाबाद के ग्लास और वाराणसी के सिल्क को नई पहचान मिली है। 2017 में जब हमने ओडीओपी योजना शुरू की थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यूपी दो लाख करोड़ से अधिक का निर्यात करेगा, यह अब वास्तविकता बन चुकी है।

### पराली को लेकर योगी सख्त, शून्य घटनाओं का लक्ष्य तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाओं को 'शून्य' किया जाए। इस संबंध में शासनादेश के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है, वो सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी करें और संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। जारी निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी। दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# वाई पूरन कुमार की मौत की निष्पक्ष जांच हो: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत की जांच की मांग की और कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। खासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा कि यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना ख+ाासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक खासकर शासन-प्रशासन में हावी है और सरकारें इसको रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। वैसे यह सब सरकार की नीयत व नीति की बात ज्यादा है। बसपा की मुखिया ने कहा है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की समयबध स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच होना चाहिए और इसके लिये दोषियों को सख्त सज़ा मिलनी चाहिए, ताकि सभ्य समाज को शर्मिन्दा करने वाली ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा कहीं ना होने पाएं। उन्होंने कहा है कि हरियाणा सरकार इस घटना को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से ले तथा इसकी भी लीपापोती करने का प्रयास ना करे, तो यह उचित होगा।

# जेएंडके: 25 पुस्तकों पर रोक के खिलाफ सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ का गठन

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर 'झूठे आख्यान और अलगाववाद' का प्रचार करने वाली 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने के सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ का गठन किया है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति राजेश ओसवाल तथा न्यायमूर्ति शहज़ाद अज़ीम शामिल हैं। यह पीठ सोमवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। पूर्ण पीठ का गठन न्यायालय की 30 सितम्बर की पूर्व टिप्पणी के

■ **मामले पर पीठ सोमवार को सुनवाई करेगी**

बाद हुआ है, जिसमें उसने याचिकाकर्ताओं द्वारा पुस्तकों को 'भ्रमाक और अतार्किक' कहे जाने की वैधता की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की थी।

पत्रकार डेविड देवदास, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल कपिल काक तथा अन्य की ओर से अधिवक्ता शाकिर शब्बीर और स्वास्तिक सिंह द्वारा अलग-अलग दायर याचिकाओं में गृह विभाग द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 95 के तहत इन पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने का आदेश देने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करती है और इसका कोई तर्कसंगत औचित्य नहीं है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर के गृह विभाग ने कश्मीर पर 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिनमें अरुंधति रॉय और एजी नूरानी जैसी लेखिकाओं की पुस्तकें भी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि ये पुस्तकें अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

### बीएचयू में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शुक्रवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया। चीफ प्रॉक्टर ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कई थानों की पुलिस और एसीपी भेलूपुर मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसीपी गौरव कुमार ने बताया कि रात करीब 11:45 बजे चीफ प्रॉक्टर ने सूचना दी कि बिरला छात्रावास के छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रों से बातचीत कर मामले को शांत किया। कुछ छात्र छात्रावास के बाहर खड़े थे। तभी वहां से गुजर रहे सुरक्षाकर्मियों ने तीखे शब्दों में उन्हें अंदर जाने को कहा।

# अखिलेश का फेसबुक अकाउंट बहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट निलंबित होने के बाद बहाल कर दिया गया है।

पार्टी नेताओं की तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद उनका सोशल मीडिया अकाउंट फिर बहाल कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने पहले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर इस कदम के पीछे होने का आरोप लगाया था। हालांकि सरकार ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने यह कार्रवाई की है और इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। दरअसल सूत्रों ने बताया कि उनके पेज को कथित तौर पर 'हिंसक यौन पोस्ट' पोस्ट करने के कारण निलंबित कर दिया गया था। हालांकि शनिवार को मेटा के एक अधिकारी ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आने के बाद हमने पेज को बहाल कर दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री का फेसबुक अकाउंट, जिसे 80 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं, शुक्रवार शाम 6 बजे के आसपास निलंबित कर दिया गया। अखिलेश यादव के पेज का इस्तेमाल अक्सर अपनी राय साझा करने, सरकार की कमियों को उजागर करने और राज्य भर के समर्थकों से जुड़ने के लिए किया जाता था। अकाउंट निलंबित होने के बाद सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर लिखा था, देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड करना लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा सरकार ने अघोषित आपातकाल लगा दिया है, जहां हर विरोधी आवाज़ को दबाया जा रहा है, लेकिन समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने भी इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात बताया था।



**सेंसेक्स** 82072.93
**निफ्टी** 2516.85



**सोना रु.** 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 184100
प्रति किलो



# खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर: शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है।

चौहान ने कहा कि गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की उपज में बीते साल रिकॉर्ड पैदावार हुई है। वह यहां शनिवार को पूसा परिसर में आयोजित एक समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के शुभारंभ और 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि और संबध क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं के भी प्रारंभ होने पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है, गेहूं और चावल के भंडार 40 प्रतिशत से अधिक क्षमता तक भरे हुए हैं। सिंह ने कहा कि खाद्यान्न

■ **40 प्रतिशत से अधिक भरे हैं अन्न भंडार: कृषि मंत्री**

आत्मनिर्भरता के लिए दालों की पैदावार बढ़ानी होगी। इस मकसद को ध्यान में रखकर मोदी के कर कमलों से दलहन मिशन लांच किया जा रहा है। इसके साथ ही ये देखा गया है कि कई जिले में पैदावार बहुत अच्छी है, लेकिन उसी राज्य के दूसरे जिलों में पैदावार कम है। ऐसे जिलों में पैदावार बढ़ाने के लिए एक दूसरी योजना पीएम धन-धान्य कृषि योजना भी शुरू की जा रही है। इसमें 11 विभागों की 36 योजनाओं का समावेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का ही सोच है कि छोटे-छोटे किसान मिलकर प्रतिस्पर्धा का सामना करें। आज देश में एफपीओ के 52 लाख किसान शेयर होल्डर हैं। करीब 1100 एफपीओ करोड़पति बन चुके हैं और उनका टर्न ओवर 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है। चौहान ने हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में हुए



बदलाव के कारण सस्ती हुई खेती की मशीनों का श्रेय मोदी को देते हुए कहा कि इससे किसानों को बहुत राहत मिली है। इस कदम से छोटे ट्रैक्टर पर किसानों के 23,000 रुपये, 35 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये और बड़े ट्रैक्टर पर भी लगभग 65,000 रुपये तक बचेंगे। उन्होंने फसल वर्ष 2025-2026 की रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि किसानों की मदद के लिए यूरिया और डीएपी के दामों पर लगाम लगा कर रखा गया है। यूरिया और डीएपी के बढ़े हुए दामों का बोझ, सरकार किसानों पर नहीं आने देती और खुद ही बढ़ा हुआ व्यय वहन करती है।

### इस हफ्ते सोना और चांदी के भाव छू रहे आसमान

**नई दिल्ली।** सोने के दाम आए दिन आसमान छू रहे हैं, लेकिन इस रेस में चांदी आगे निकल गई है। देश के कई शहरों में चांदी की कीमत 1 लाख 80 हजार के पार जा चुकी है। शनिवार को चांदी की कीमत 6 हजार रुपये महंगा हुई है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में चांदी की कीमत 1,84,100 रुपये के पार जा चुकी हैं। भारत की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,74,100 रुपये प्रति किलो में बिक रही है। इस समय भारत के चेन्नई में चांदी का भाव सबसे महंगा है। यहां चांदी 1,84,100 रुपये प्रति किलो बिक रही है। चांदी की कीमतें रोज नए-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में चांदी की डिमांड बढ़ गई है, जिसकी वजह से सिल्वर की शॉर्टेज भी देखी जा रही है। भारत के कई शहरों में चांदी की कमी होने की वजह से ज्वेलर ग्राहकों से ऑर्डर तक नहीं ले रहे हैं। त्योहारों से पहले सोने-चांदी के दामों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक बीते एक हफ्ते में सोने के दामों में 2,276 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का उछाल आया। वहीं चांदी के भावों में 15,657 रुपये प्रति किलो की बड़ी छलांग देखी गई। हफ्ते के बीच 9 अक्टूबर को सोना 1,22,629 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया था, जो इस सप्ताह का उच्चतम स्तर रहा। वहीं, चांदी ने इस हफ्ते जबरदस्त तेजी दिखाई।

# गेहूं-चावल के भाव टूटे, चीनी महंगी खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गये। गेहूं में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में घटबढ़ रही, जबकि चीनी में तेजी का रुख देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 83 रुपये घटकर 3,774.53 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं का भाव 10 रुपये फिसलकर 2,849.28 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ी और यह 3,314.32 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में सरसों तेल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 63 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 94 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 51 रुपये और वनस्पति के दाम 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये कम हुई। उड़द दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 37 रुपये और मसूर दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी का भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपये, मसूर काली 8144.80 रुपये, मूंग दाल 10108.98 रुपये, उड़द दाल 10453.79 रुपये, अरहर दाल 10525.29 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.28 रुपये और चावल 3774.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बागपतः ....** मौलाना इब्राहिम अपनी पत्नी इसराना, बेटी सोफिया 5 वर्षीय व सुमैया 2 वर्षीय के साथ रहते थे। ग्रामीणों ने बताया कि मौलाना इब्राहिम करीब दस साल से मस्जिद में इमाम हैं। करीब छह साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। वह तब से पत्नी व बच्चों के साथ यहीं मस्जिद के ऊपर बने कमरे में रहते थे। वह इमामत करते हैं। उनकी पत्नी दोपहर बाद मस्जिद में आने वाले बच्चों को पढ़ाती थी। यह हृदय विदारक घटना दोपहर से पहले होने की संभावना है। जब करीब दोपहर बाद ढाई बजे बच्चे मस्जिद में पढ़ने गए, तब उन्हें पता लगा। बच्चों को जब वहां कोई दिखाई नहीं दिया, तो इसराना के कमरे में खोजते हुए पहुंच गए। वहां का दृश्य देखा, तो वह किलकारी मारते हुए उल्टे पैर ही दौड़ गए। उनके शोर से पड़ोस के लोग आए। बच्चों से पूछने लगे तो उन्होंने घटनाक्रम बताया। मौलाना की पत्नी व बच्चों की हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मेरठ रेंज डीआईजी कलानिधि, एसपी सूरज कुमार राय, एएसपी प्रवीण कुमार, सीओ विजय कुमार, एसएचओ सूर्यदीप के अलावा रमाला, बिनौली, छपरौली, दोघट थानों की पुलिस पहुंच गई। एसपी ने ग्रामीणों से पूछताछ की। शवों को कब्जे में करने के प्रयास किए। ग्रामीणों व मृतका के मायके वालों ने हंगामा करते हुए हत्यारों को पकड़ने की मांग की। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह तीन दिन में मामले का पर्दाफाश कर देंगे, तब जाकर लोगों ने शवों को उठाने दिए। मृतक महिला के पति इब्राहिम को सूचना दे दी गई थी। पुलिस पुरे मामले की जांच की जुट गई है।

**मेरी भारत...** की तफसील से जानकारी दी। अमीर खान मुत्ताकी ने मौलाना अरशद मदनी के प्रति बहुत सम्मान दिखाया। गौरतलब है कि मौलाना अरशद मदनी के मरहूम पिता मौलाना हुसैन अहमद मदनी के खास शिष्यों में रहे अफगानिस्तान के सम्मानित उलेमा मरहूम अब्दुल हक हक्कानी के वहां स्थापित किए गए मदरसे में ही अमीर खान मुत्ताकी ने तालीम हासिल की है। दारुल उलूम इलाके में जब अमीर खान मुत्ताकी पहुंचे तो इस संस्था के सारे प्रबंध ध्वस्त हो गए। जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी ने व्यवस्था संभाली। सरकारी अमला बड़ी मुश्किल से विदेशी मेहमान और उनके साथियों को दारुल उलूम के मेहमान खाने में किसी तरह लेकर पहुंचे। यहां तलबाओं के मदरसे में सभी जगह बड़ी संख्या में जम-जाने के कारण विदेश मंत्री के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द हो गए। अमीर खान के संस्था के उपकुलपति अब्दुल खालिक मद्रासी, दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी आदि ने उनसे मुलाकात कर दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद जताई। मौलाना अरशद मदनी ने 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की विदाई और तालिबान के सत्तारूढ़ होने का गर्मजोशी के साथ आगे आकर समर्थन और स्वागत किया था। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में यह भी भरोसा जताया था कि तालिबान सरकार भारत के लिए अच्छी साबित होगी। यह बात सही साबित हुई है। आज भारत- अफगानिस्तान एक-दूसरे के हमदर्द हैं। भारतीय कूटनीति की यह बड़ी कामयाबी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अफगान नेता ने पहलगाम हिंसा की निंदा की और भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया।

# बीएचयू-आईआईटी ने 100 वर्ष पुराने पेड़ को किया पुनर्जीवित

**वाराणसी, वार्ता**

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने अपने इंस्टिट्यूट वर्क्स डिपार्टमेंट (आईडब्ल्यूडी) और उद्यान विभाग के विशेषज्ञों के सहयोग से लगभग 100 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को सफलतापूर्वक पुनः खड़ा कर उसका जीवन रक्षित किया। यह पेड़ हाल ही में तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण गिर गया था।

संस्थान की आधिकारिक प्रवक्ता एवं संयुक्त कुलसचिव स्वाति बिस्वास ने शनिवार को बताया कि आईडब्ल्यूडी की तकनीकी विशेषज्ञता और

■ **तेज हवाओं और बारिश के कारण गिर गया था पेड़**

बीएचयू के उद्यान विशेषज्ञों के सहयोग से दो जेसीबी मशीनों और एक हाइड्रा की सहायता से इस विशाल पेड़ को अत्यंत सावधानीपूर्वक खड़ा किया गया, ताकि इसकी जड़ों को किसी प्रकार की क्षति न हो। पेड़ को स्थिर रखने के लिए मिटी को मजबूत किया गया तथा आवश्यक जल और पोषण प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल संस्थान की पर्यावरणीय प्रतिबधता और सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाती है। संस्थान प्रशासन ने इस समन्वित प्रयास की सराहना की और सभी संबंधित विभागों के योगदान की प्रशंसा की। संस्थान के निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीष कुमार ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस कार्य में तकनीकी सटीकता और समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण था। कई टन वजन वाले इस पेड़ को जड़ों को क्षति पहुंचाए बिना अत्यंत सावधानी से उठाया गया। दो जेसीबी मशीनों से आधार समर्थन प्रदान किया गया, जबकि हाइड्रा के माध्यम से ऊर्ध्व दिशा में संरेखण सुनिश्चित किया गया। पुनःस्थापना के बाद मिटी को सुदृढ़ किया गया और जड़ों की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय किए गए। अगले कुछ सप्ताह तक पेड़ की निरंतर निगरानी की जाएगी, ताकि यह पूरी तरह स्थिर हो सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैण्डआॅगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बेकाबू अज्ञात वाहन की चपेट में आकर चौकीदार की मौत

## नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा, उपचार के दौरान दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी चौकीदार की उस समय दर्दनाक मौत हो गई जब देर रात वह नेशनल हाइवे स्थित प्रिंस होटल पर ड्यूटी के दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।

जानकारी के अनुसार चांद समन निवासी सलमानी पुत्र हसन देर रात होटल पर चौकीदारी कर रहा था। इसी दौरान जब वह पहरा देते हुए हाईवे किनारे पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। होटल कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से खतौली सीएचसी भेजा, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। चौकीदार की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वहीं पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान कराने में जुटी हुई है।

हादसे के बाद घटनास्थल पर लंबे समय तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कई अन्य पहलुओं पर भी जांच शुरू करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

# दवाई लेट देने पर डॉक्टर से भिड़े तीमारदार

## जमकर चले लाठी-डंडे और पथराव में आधा दर्जन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला रुद्र में शुक्रवार की रात को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक मरीज को दवाई देर से देने को लेकर डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच कहासुनी हो गई।

मामूली बात ने देखते ही देखते तूल पकड़ लिया और दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले व पथराव हो गया। अचानक हुए बवाल से मौके पर भगदड़ मच गई। इस दौरान दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में किया और कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर हमलावर पक्ष के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दिन मोहम्मद पुत्र कुरबान अपनी बेटी को दवाई दिलाने के लिए गांव के ही डॉक्टर महकार पुत्र शौकीन के क्लिनिक पर गया था। डॉक्टर द्वारा दवाई देर से देने पर दिन मोहम्मद ने विरोध जताया, जिस पर दोनों में कहासुनी और गालीगलौज शुरू हो गई। इसी दौरान दिन मोहम्मद ने डॉक्टर पर फर्जी डॉक्टर होने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया।

मामला बढ़ने पर डॉक्टर महकार ने दिन मोहम्मद से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के परिजन मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इस बीच दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना में शेर मोहम्मद, जहीर पुत्र कुरबान, परवीन पुत्र दिन मोहम्मद सहित दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया और दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। घायलों को उपचार के लिए खतौली सीएचसी भेजा गया, जहां से गंभीर हालत में तीन को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

पीड़ित वली मोहम्मद पुत्र कुरबान ने कोतवाली पहुंचकर डॉक्टर महकार समेत परवेज, शारुख, शादाब, मारूफ आदि आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। पुलिस टीम मौके पर डटी हुई है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वही पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर हमलावर पक्ष के आधादर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रेम विवाह करने वाले युवक को जमकर धुना

**तितावी।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव जसोई में प्रेम विवाह करने वाले युवक की जमकर धुनाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव नंगला पिथौरा निवासी सूरज पुत्र नरेश ठाकुर ने डेढ़ साल पूर्व अपने गांव नंगलापिथौरा में बाइक मैकेनिक की दुकान कर रखी थी। इसी दौरान सूरज का दुकान की पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से इश्क हो गया था। जिसके चलते दोनो ने कोर्ट मैरिज कर लिया था। कोर्ट मैरिज करने के बाद दोनो अपने गांव नंगला पिथौरा में रह रहे थे। शनिवार को अपने दो दोस्तों के साथ सूरज गांव जसोई पहुंचा और दुकान पर फलेक्स लगाने लगा। जब सूरज के जसोई आने की खबर युवती के परिजनों को लगी तो उक्त लोग दुकान पर पहुंचे व सूरज के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक के साथ मारपीट होने से गांव में तनाव जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान युवक घायल हो गया। सूचना पाकर तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सूरज को अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की माता पिंकी की तहरीर पर पुलिस ने नसीम, नईम, कय्यूम, वकार, कैफ व एक अज्ञात सहित छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

## चाचा चौधरी कॉमिक्स के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने की पहल

**मुजफ्फरनगर।** साइबर अपराध जागरूकता माह के तहत युवाओं को जागरूक करने के लिए चाचा चौधरी और साबू की कॉमिक्स तैयार करने की अनोखी पहल करत हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कॉमिक्स का विमा. चन किया। साइबर अपराधों से जुडे लोगों को जागरूक करने के लिए अक्टूबर माह में विशेष अभियान चला है इसी कड़ी में एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने साइबर एक्सपर्ट इस्पेक्टर सुल्तान सिंह और उपनिरीक्षक गौरव चौहान की मदद से कॉमिक्स की दुनिया के ब्रांड चाचा चौधरी और साबू की कॉमिक्स तैयार की। चाचा चौधरी साइबर धमाके के नाम से बनी कॉमिक्स का एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में विमोचन किया। कॉमिक्स में चाचा चौधरी और साबू के बीच बातचीत के जरीए साइबर अपराधों के तौर तरीके और उनके बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया है। खलनायक के रूप में धमाका सिंह का किरदार दर्शाया गया है। इस दौरान एसपी यातायात अतुल चौबे, सीओ ऋषिका सिंह रहे।

# शैक्षिक प्रकोष्ठ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

## लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (शिक्षक प्रकोष्ठ) के जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान ने संगठन की मजबूती का आह्वान करते हुए विकास क्षेत्र पुरकाजी की कार्यकारिणी बैठक ली। बैठक का आयोजन संगठन के पुरकाजी स्थित कार्यालय पर किया गया।

बैठक में जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विकास क्षेत्र के लंबित कार्यों को शीघ्र जिला कार्यकारिणी को भेजें, ताकि उन्हें समय पर निस्तारित कराया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से चयन वेतनमान से संबंधित फाइलों को बीआरसी स्तर पर अनुमोदित कराकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुज़फ्फरनगर को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत है। साथ ही विकास क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाने का भी आग्रह किया। उन्होंने मेरठ में आयोजित टीईटी विरोधी महारैली का ज़िक्र करते हुए कहा कि इस विषय पर जल्द संगठन की अगली रणनीति तय की जाएगी।

राम रतन बालियान ने बताया कि संगठन इंचार्ज अध्यापकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि क्षेत्र में बाल्य देखभाल अवकाश निरस्त होने की शिकायतें मिली हैं, जिस पर जिला अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रदेश महासचिव मनीष गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष अमित तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष क्षितिज नेगी (बघरा), ब्लॉक महामंत्री मेराज खालिद रिज़वी, बैठक अध्यक्ष उमेश कुमार त्यागी, शिवम सैनी, बाल किशोर, विवेक यादव, अश्वनी त्यागी, सुधीर कुमार, वंदना शर्मा, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गुरविंदर पाल सिंह, संगीता देवी, ब्रजवीर सिंह, धर्मवीर, कृष्ण पाल सिंह, शीशकंवर, पंकज शर्मा सहित अन्य रहे।

# स्पिक मैके कार्यक्रम में दिखी अद्भुत कला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त संस्था स्पिक मैके की ओर से भारतीय इंटर कॉलेज नगला मंदौड में पश्चिमी बंगाल के प्रसिद्ध पुरुलिया छाऊ के प्रदर्शन से श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। मोहक मुखौटों और विशिष्ट परिधान में उन्होंने महिषासुर मर्दिनी प्रसंग प्रस्तुति किया।

स्पिक मैके की ओर से नगला मंडौद के भारतीय इंटर कॉलेज में दर्शकों को एक अद्भुत कला को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। पश्चिम बंगाल का पुरुलिया छाऊ अपने मुखौटों के लिए विश्वविख्यात है। विख्यात कलाकार और दल के प्रमुख तारापद रजक विश्व भर में अपनी कला का प्रदर्शन करके ख्याति प्राप्त कर चुके। विभिन्न देवताओं के वाहनों जैसे मूषक, सिंह व भैंसा को मंच पर कलाकारी करते देख हाल तालियों से गूंज गया।



इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ दिनेश कुमार के साथ मैनेजर नरेंद्र मलिक, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र, योगेंद्र मलिक, राजपाल, आजाद ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कलाकारों का स्वागत सम्मान किया। रिया कश्यप, जिया व मानवी ने सफल संचालन किया। इस अवसर पर डॉ मृदुला मित्तल, भावना संगल उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में तीन गौकश घायल, दो साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में पांच गौकश को पकड़ने का दावा किया है। इनमें से तीन को सरकारी गोली लगने पर अस्पताल भर्ती कराया गया है। आरोपियों के पास दो बाइकों के साथ गौकशी के उपकरण बरामद हुए है। आरोपियों नेदो दिन पहले खांजापुर में गौकशी करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत नेवताया कि 9 अक्तूबर को खांजापुर के जंगल में गौकशी हुई थी। उस समय पुलिस ने मौके से कई कुंतल गौमांस बरामद किया था, जबकि आरोपी भागने में कामयाब हो गए थे। गोकों की धरपकड़ को सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मिश्रा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। शुक्रवार रात को कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दीदाहेड़ी चौराहा पर चैकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग बाननगर अण्डर पास के पास गौकशी करने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करते ललकारा तो गौकशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में तीन गोकश घायल हो गए। इनमें सोनू उर्फ फरीद हुए। पुत्र खालिद, फुग्म्ना उर्फ नजर पुत्र खालिद और मुजफ्फर उर्फ काला पुत्र कय्यूम शामिल है। उनके दो साथियों फैसल पुत्र अफसर अली निवासी मिमलाना और तनवीर पुत्र सलीम निवासी दभेड़ू थाना चरथावल को काचिग के दौरान पकड़ लिया गया। आरोपियों के पास से गौकशी के उपकरण आदि सामान बरामद हुआ है।









## सीओ बुढ़ाना ने पैदल गश्त करके बांटे पम्पलेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सर्किल बुढ़ाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने आज शनिवार की देर रात आगामी विभिन्न त्यौहारों के मद्देनजर बुढ़ाना कस्बे के बाजारों में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री को साथ लेकर पैदल गश्त किया और सुरक्षा संबंधी पम्पलेट भी बांटे। उन्होंने दुकानदारों से ये भी पूछा कि उनको किसी भी तरह की दिक्कत तो नहीं है। जिस पर सभी दुकानदारों ने लगभग ये ही जवाब दिया कि आप हैं तो हमें फिर क्या दिक्कत। बताया जाता है कि बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुख्रढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बुढ़ाना पुलिस विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सीओ व कोतवाल ने कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार और महिला पुलिस को साथ लेकर कस्बे के बड़ा और छोटा बाजार में पैदल गश्त की। यह गश्त जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा



के निर्देशन में की गई। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बाजार, बस स्टैंड, बैंक, एटीएम, मुख्य चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने व्यापारियों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। कोतवाल ने आमजन को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस हर समय जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पैदल गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों से त्योहारों के मद्देनज़र सतर्क रहने एवं सामुदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।

## कोतवाली में एसडीएम ने सुनी समस्यांए



**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर उप जिला अधिकारी बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जबकि बाकी बची अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित हल्के के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां पर आधा दर्जन से अधिक शिकायतें आई। इस दौरान बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर, एसएसआई ललित कुमार शर्मा व अन्य पुलिसकर्मी और प्रशासनिक कर्मचारियों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## छात्राओं से महिला पुलिस ने किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मिशन शक्ति बुढाना महिला थाना पुलिस टीम ने आज शनिवार के दिन बुढाना कोतवाली क्षेत्र के कई स्थानों पर स्कूल जाती हुई सब छात्राओं और महिला राहग. ीरो के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के पांचवें चरण के तहत आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को उनकी सुरक्षा और बचाव के विभिन्न आयामों से परिचित कराना था। कार्यक्रम के दौरान, छात्राओं को शासन प्रशासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 181, 112, 1076, 1098, 102 और 108 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बुढ़ाना महिला थाना की प्रभारी सुमन शर्मा के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने सड़कों पर उतरकर साइबर धोखाधड़ी, साइबर अपराध, हाउस



अरेस्ट, गुड टच, बैड टच और मार्शल आर्ट की विभिन्न विधाओं पर छात्राओं को विस्तार से बताया। इस संवाद कार्यक्रम में सैंकड़ों छात्राएं उपस्थित थी जिन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्राओं ने कानून से संबंधित कई प्रश्न पूछे तो उनके यथोचित उत्तर देकर उन्हें जागरूक किया गया। छात्राओं ने कार्यक्रम को बेहद पसंद किया और कॉलेज प्रबंधन ने बुढाना पुलिस के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

## संगठन को संजीवनी देने को आज मोरना में जुटेंगे कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना के महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज मैदान में रविवार को किसान सम्मेलन में कांग्रेसी नेता किसानों के मुद्दों को लेकर क्षेत्रीय जनता के बीच अपने विचार रखेंगे और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की नींव मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मोरना के महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज मैदान में भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासर्. चव अविनाश पांडे, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, भारतीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।सम्मेलन के आयोजक किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया की केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लगातार किसानों का शोषण किया जा रहा है 15 साल में किसान के ट्रैक्टर को कबाड़ घोषित करने स्मार्ट मीटर व बकाया गन्ना भुगतान अन्य समस्याओं को लेकर किसानों से एकजुटता का आ]वान किया जायेगा। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव राठी ने बताया की गन्ना मूल्य मे कोई वृद्धि न करने, खाद व पेस्टिसाइड के दाम बढ़ाने,कृषि भूमि की हैसियत को कम कर किसान का अपमान करने आदि समस्याओं को लेकर पार्टी के नेता किसानो के बीच आ रहे हैं। इस दौरान विनोद गुर्जर, नेमपाल प्रधान, छोटू, कामिल नेता, सतीश सहरावत आदि मौजूद रहे।

ज्ञात रहे की मोरना विधानसभा से 1985 मे सईदुज़ुज़मा विधायक चुने गये थे।

जिसके बाद क्षेत्र मे कांग्रेस अपने वजूद को तलाशती रही है।बीते लोकसभा चुनाव मे पार्टी को मिली संजीवनी व राहुल गांधी के पक्ष मे बढ़ते समर्थन से कार्यकर्ताओं मे उत्साह का संचार हुआ है।मोरना मे किसान कांग्रेस के द्वारा आयोजित सम्मेलन को इसी परिपेक्ष मे देखा जा रहा है।

## समाजवादी पार्टी ने मनाई लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी द्वारा समाजवादी विचारधारा के महान चिंतक व स्वतंत्रा सेनानी लोकप्रकाश जयप्रकाश नारायण की जयंती हर्ष के साथ मनाई गई।

समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में कहा कि जयप्रकाश नारायण द्वारा जहां आजादी की लड़ाई जिस ख्रढ़ता से लड़ी गई उसी तरह आजाद भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ भी ख्रढ़ निश्चय के साथ बदलाव की क्रांति बढ़ाई इसलिए ही उनको लोकनायक कहा गया।

सपा पदाधिकारियों ने उनके संघर्ष को नमन करते हुए कहा कि आज भी देश में नफरत फैलाने वालों के विरुद्ध तथा देश की एकता भाईचारे की मजबूती के लिए लो. कनायक जयप्रकाश नारायण जैसे आंदोलन की देश को जरूरत है। समाजवादी पार्टी ही जयप्रकाश नारायण के पदचिह्नों पर चलकर समाजवादी विचारधारा की सरकार लाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी, जिला उपाध्यक्ष पवन बंसल,धर्मेंद्र नीटू, जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन,समाजवादी



अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव बसंत धारिया, जिला सचिव पवन पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा अल्पसंख्यक सभा डा इसरार अल्वी सपा सभासद शहजाद चीकू सपा सभासद हसीब राणा,शशांक त्यागी, फरमान चौधरी,मीर हसन,रामपाल सिंह पाल,जोनी कुमार, लोकेंद्र कुमार,फिरोज अख्तर,टीटू पाल रमन, फैसल राणा एडवोकेट, हुसैन राणा सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

## दो खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** खेल जगत में बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र का नाम एक बार फिर से रोशन हुआ है। अब एमआई क्रिकेट एकेडमी बुढाना की 2 होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एकेडमी की छात्रा मुस्कान शर्मा बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला खाकरोबान की रहने वाली है। जिसका चयन डब्ल्यूसीएल महिला क्रिकेट लीग में हुआ है वहीं बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बडकता के रहने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी वर्णित राजपूत का चयन 69वीं राज्य स्तरीय स्कूल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी आज रविवार को कस्बे से गोरखपुर के लिए रवाना होंगे जहां वे अपने अपने मुकाबलों में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों के चयन से एकेडमी में उत्साह व खुशी की लहर दौड़ गई। कोचों और साथी खिलाड़ियों ने मुस्कान शर्मा और वर्णित राजपूत को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एकेडमी संचालक मोहम्मद राहिल ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उम्मीद है कि वे भी आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एकेडमी का नाम और भी ऊंचा करेंगे। मुज़फ्फरनगर जैसे जिले से निकलकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना न केवल एकेडमी बल्कि जिले के लिए भी बडे गर्व की बात है।



## द.एस.डी पब्लिक स्कूल में भारतीय मानक ब्यूरो ने की कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डी. एस. डी. पब्लिक स्कूल में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा कार्यालय (Bureau of Indian Standards n` BIS½, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ह्मानक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य जन सामान्य में गुणवत्ता, मानकीकरण और सतत विकास लक्ष्यों (SDG&17) के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदू सिद्धार्थ (एसपी क्राइम) एवं विशिष्ट अतिथि सपना कुमार जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेषता प्रदान की। विद्यालय परंपरानुसार मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंदु सिद्धार्थ (एसपी क्राइम), सपना कुमार, प्रधानाचार्य नीलम माहना, राजीव वर्मा (डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर बी. आई. एस) एवं उनके साथी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी तथा साथ ही मानकों की उपयोगिता एवं महत्व को प्रदर्शित करते हुए एक स्किट के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए उत्सव का माहौल जीवंत कर दिया।

मुख्य अतिथि इंदू सिद्धार्थ (एसपी क्राइम) ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम और ऑनलाइन सुरक्षा से संबंधित एक वीडियो दिखाया, जिसमें उन्होंने डिजिटल युग में सुरक्षित और जागरूक उपभोक्ता बनने की उपयोगी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने 5 गोल्डन नियम बताएं जिनको अपना कर हम एक सजग और सुरक्षित उपभोक्ता बन सकते हैं। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा एक आकर्षक विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उनके नवाचारपूर्ण मॉडल और प्रयोगों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही, लगभग 300 अभिभावकों के लिए आयोजित



'गुणवत्ता एवं उपभोक्ता जागरूकता क्विज़' कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सभी को गुणवत्ता, सुरक्षा और जिम्मेदारी के मूल्य सिखाते हैं। यह वास्तव में सीखने और प्रेरणा का एक उत्सव है।

## चीनी मिल में हुआ बायलर पूजन

**बुढाना।** कार्तिक मास की पंचमी तिथि विक्रम संवत पर आज शनिवार के दिन बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड यूनिट बुढ़ाना में पारंपरिक रूप से बॉयलर पूजन का कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ। यह पूजन कार्यक्रम आगामी पेराई सत्र 2025-26 के शुभारंभ के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में इकाई प्रमुख चंद्रवीर सिंह, अभियांत्रिकी प्रमुख हरिपाल सिंह, सभी विभागों के अध्यक्ष, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी उपस्थित देखने को मिली। यहां पर सभी ने मिलकर विधिवत पूजन करते हुए भगवान से आगामी पेराई सत्र के सफल संचालन, सुरक्षित कार्य वातावरण एवं समृद्धि की भी ईश्वर से कामना की। पूरी यूनिट परिसर में उत्साह, भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का भी वातावरण देखने को मिला। यहां पर इस पूजन के उपरांत सभी उपस्थितजनों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा सामूहिक रूप से प्रसाद को भी ग्रहण किया।

## घासीपुरा में हुआ शानदार कुश्ती दंगल, ग्रामीण युवा पहलवानों ने दिखाया दमखम

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के घासीपुरा गांव में शुक्रवार को पारंपरिक कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए युवा पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का दिल जीत लिया।

मंच पर पहलवानों के जोश और अखाड़े में गूंजती शेरों की दहाड़ ने पूरे माहौल को उत्साह और रोमांच से भर दिया।

कार्यक्रम में अहलावत खाप के मुखिया चौधरी गजेंद्र सिंह अहलावत ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ देवेंद्र अहलावत द्धउर्फ ढोलू भैंसीत्रः भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय कबढी टीम के पूर्व कप्तान और अर्जुन अवार्डी दीपक हुढा जी ने कहा ह्ग्रामीण अंचल में युवाओं की खेल भावना, अनुशासन और समर्पण देखकर मन गर्व से भर गया। हमारी पारंपरिक कुश्ती न केवल हमारी संस्कृति की पहचान है, बल्कि यह युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत बनाती है।ह इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से मुख्य संरक्षक/आयोजक कुंवर विजय राज सिंह, श्यामपाल चेयरमैन, देवेंद्र सिंह अहलावत चेयरमैन, संदीप खोखर, अशोक बाल्यान, नरेंद्र त्यागी, मोहर सिंह खोखर , रोी. हत अहलावत, जय माटी-जय मानुष द्धश्रमबंधु सेवा समितित्रः, नीरज पहलवान द्धकोचत्रः, युद्धवीर सिंह तथा गांव की खेल समिति को आयोजन की सफलता के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन का



उद्देश्य ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों से जोड़ना रहा। गांव के युवाओं में उमंग और जोश देखकर स्पष्ट हो गया कि की जब युवा खेलेगा, तो देश आगे बढ़ेगा।

## 173 किलो अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** दिवाली से पहले किसी भी अनहोनी से बचने के लिए खतौली पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। पिछले वर्ष अयोध्या और दिल्ली में पटाखा गोदामों में हुए भीषण विस्फोटों के बाद से पुलिस ने इस बार विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को थाना खतौली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 173 किलो अवैध पटाखे बरामद किए हैं।

बता दे कि शुक्रवार की शाम भूड़ चौकी उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, प्रदीप नारायण, हेड कांस्टेबल धनेश और कांस्टेबल प्रवीन टीम के साथ चौकी के सामने चेकिंग कर रहे थे। तभी एक संदिग्ध वाहन पर उनकी नजर पड़ी जिसे रोक कर छानबीन की गई तो वाहन में भारी मात्रा में पटाखे का जखीरा था। जिसमे अलग-अलग ब्रांड के छह पेटी पटाखे, कुल 173 किलोग्राम थे। पुलिस टीम ने पटाखे के जखीरे समेत एक आरोपी शहादत पुत्र फारुक निवासी इस्लामनगर, रोडवेज बस स्टैंड के पीछे, थाना खतौली को मौके से गिर" तार किया। वहीं, उसके दो साथी विवेक पुत्र महेंद्र और सागर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। साथ ही क्षेत्र में अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से पटाखों का भंडारण या व्यापार न करे। यदि कहीं इस तरह की गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### पूर्व सभासद ने सैकड़ों शिक्षकों की बनवाई वोट

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के पूर्व सभासद भारतीय जनता पार्टी के नेता मुकेश शर्मा और पुनीत शर्मा ने संयुक्त रूप से आज शनिवार के दिन कालेजों में पहुंचकर शिक्षकों की एमएलसी चुनाव के चलते वोटें बनाने का काम किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में शिक्षक और स्नातक एमएलसी चुनाव तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। भाजपा संगठन भी इन दोनों चुनावों की तैयारी और प्रचार को एक साथ अंजाम दे रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMED AZHAR से बदलकर MOHAMMAD AZHAR रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD AZHAR S/o MOHAMMAD ASLAM के नाम से जाना व पहचाना जाए।

H.NO. 85, BAJEDI,
MUZAFFARNAGAR
(U.P.) - 251001

## शुकतीर्थ में स्नान मेले के आयोजन को अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष लगने वाले गंगा स्नान मेले मे प्रबंध व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष एसएसपी सहित अन्य अधिकारियो ने मेला स्थल व गंगा घाट पर जाकर निरिक्षण किया। तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए दिशा निर्देश दिये।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे आगामी दो नवंबर से छरूनवंबर तक गंगा स्नान मेले का आयोजन किया जायेगा। मुख्य स्नान पांच नवंबर को होगा।मेले का आयोजन जिला पंचायत द्वारा किया जाता है। मेले मे प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर शुकतीर्थ पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला.



धिकारी उमेश मिश्रा,मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कण्डारकर,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार,अपर जिलाधिकारी वित्त गजेंद्र सिंह,उपजिलाधिकारी राहुल देव भट,एसपी देहात आदित्य बंसल,तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता,नायब बृजेश कुमार, सीओ देवव्रत वाजपेयी,थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार आदि ने प्रत्येक व्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए निरिक्षण किया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया की मेले मे आने वाले श्रद्धालुओं को कोई भी असुविधा न हो इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। स्वच्छता के विशेष प्रबंध रहेंगे, पूर्व से बेहतर सुविधाएं श्रद्धालुओं को दी जाएं इसके लिए प्रयास किये जाएंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने बताया की मेले को भव्य बनाने के लिए सुंदरता की व्यवस्था की जायेगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन रहेगा। पूर्व से बेहतर व्यवस्थाएं की जायेगी। इस बार जिला पंचायत द्वारा मेले की व्यवस्थाओ लिए 44 लाख 91 हजार रुपये का बजट रखा गया है। इस दौरान अक्षय शर्मा, विनोद शर्मा,राम कुमार शर्मा, ग्राम प्रधान राजपाल सैनी,प्रवीण कुमार लेखपाल, विवेक चौधरी चौकी प्रभारी,प्रदीप निर्वाल,सुरेन्द्र सिंह देवेन्द्र आर्य, मघिन्द्र बालियान आदि मौजूद रहे।

## उमरपुर के रोहन ने गाजियाबाद में जीती कुश्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव उमरपुर में स्थित शिक्षण संस्था भारद्वाज एकेडमी जूनियर हाई स्कूल के छात्र रोहन कश्यप ने एक बार फिर से विगत दिवस जनपद गाजियाबाद मे आयोजित की गयी कुश्ती प्रतियोगिता में कुश्ती जीतकर उक्त स्कूल के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन किया। कुश्ती जीतकर गांव में आए छात्र रोहन कश्यप का आज शनिवार के दिन स्कूली छात्र छात्राओं और स्कूल स्टाफ के समक्ष फूलों की मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान गांव के लोग भी मौजूद रहे। शिक्षकों ने रोहन को अपनी और से बड़ी शील्ड देकर सम्मानित भी किया और उसका हौसला बढ़ाया।घ स्कूल की प्रधानाचार्या कुसुम सैनी ने समस्त बच्चों को रोहन की तरह आगे बढ़ने के टिप्स दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रबंधक योगेश भारद्वाज ने यहां सभी छात्र छात्राओं को बताया कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत बहुत जरुरी है। तभी हम रोहन कश्यप की तरह अपने स्कूल व गांव का नाम पूरे देश में रोशन कर सकते हैं। इस दौरान यहां पर शिक्षक शिक्षिकाओं में मुख्य रूप से शिखा सैनी, प्रशांत सैनी, प्रमोद कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार, मांगेराम, मुकेश कुमार, शालू, राखी, रीतू, दीपा, स्कूल की प्रधानाचार्या कुसुम सैनी और प्रबंधक योगेश भारद्वाज रहे। यहां ग्रामीणों ने भी रोहन को आशीर्वाद दिया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी श्रीमति सादिरा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यो के कहने सुनने से बाहर है। इसलिये आज दिनांक 11.10.2025 को मैने व मेरे परिवार ने मेरे पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी श्रीमति सादिरा से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैंने अपने पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी श्रीमति सादिरा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी श्रीमति सादिरा के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी, मेरा पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी श्रीमति सादिरा अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**यामीन पुत्र रहमत ईलाही**
**निवासी म.न०-35 , ग्राम सधावली, थाना-मन्सूरपुर जिला मुजफ्फरनगर**
**मो०न०-8449300367**

**सम्मन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब आर्डर -5 कायदा 1 व 5 न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर** वाद संख्या 107491 सन-2025 1. शाहरूख पुत्र अरशद 2. श्रीमती प्रवीण पत्नी अरशद निवासीगण ग्राम खुड्डा परंगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर **बनाम** 1. मसरूर 2. राऊफ पुत्रगण अरशद 3. जहागीर 4. जरजीस पुत्रगण हनीफ 5. मुजमिल 6. मुजीब 7. शादीक पुत्रगण इशरार 8. श्रीमती नईमा पत्नी इशरार निवासीगण ग्राम खुडडा परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर 9. ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम खुड्डा परगना पुरछपार तहसील व जिला मु.नगर .... ...**प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा. संहिता 2006 **मौजा-खुडडा परगना पुरछपार** हरगाह बादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो **17-10-2025** को 10:00 बजे प्रात: में असालतम या माफत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 10-10-2025 को जारी किया गया।

(रीडर)

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर**

# पुल बनवाने को भाकियू अराजनैतिक ने धरना देकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के निरगाजनी गंग नहर झाल पर एक माह पूर्व पनचक्की पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद पुल से आवागमन को बंद कर दिया है। सीजन के दौरान गन्ने की फ़सल को ले जाने के लिए किसानो के सामने बड़ी समस्या पैदा हो गयी है। ?

भाकियू अराजनैतिक के बैनर तले क्षेत्र के किसानों ने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन पर शिथिलता अपनाने व कोई भी वेकल्पिक व्यवस्था न करने पर नाराजगी प्रकट की तथा पुल के शीघ्र निर्माण व तब तक अस्थाई व्यवस्था की मांग की। चार घंटे बाद पहुंचे नायब तहसीलदार व अवर अभियंता ने समझा बुझाकर ग्रामीणों को शांत किया। भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी गंग नहर पर दो सितंबर को पनचक्की पर बने पुल के मध्य से मलबा गिरना शुरू हो गया था। जिसके बाद पुल के दोनों ओर दीवार कराकर आवागमन को बंद कर दिया गया है। शनिवार को भाकियू अराजनैतिक के ब्लाक अध्यक्ष अंकित जावला,राजीव सहरावत, मंडल महासचिव विपिन त्यागी, यशपाल, राधेश्याम त्यागी, अरविंद चौधरी, धीरेंद्र, देवेंद्र, रोबिन, अनीश समेत बडी संख्यां में ग्रामीण गंग नहर पर पहुंच गये जहां अंकित जावला ने बताया की गांव रहमतपुर, गड्वाडा, सिकंदरपुर के किसानो को खेत पर जाने की समस्या उत्पन्न हो गई। किसानो को चारा व गन्ना लेकर आने की समस्या को देखते हुए नहर पर पुल का अति शीघ्र निर्माण कराना था। किन्तु प्रशासन मामले शिथिलता बरत रहा है। किसानो की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।प्रशासन शीघ्र पुल का निर्माण करे व तब तक कोई अस्थाई व्यवस्था करे वहीं सूचना पर पहुंचे नायब तहस. ीलदार ब्रिजेश कुमार व पीडब्लूडी के अवर अभियंता हुसैन अहमद ने बताया कि पुल का सर्वे हो चुका है। बजट बनाकर शासन को भेजा गया है, जिसके स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।



# भीड़ नहीं दिखी तो आसपा जिलाध्यक्ष खिसके

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम का विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में अब तक भी कोई वजूद नहीं बन पाया है। तभी तो एक एक करके उनकी मीटिंग और सभाएं बिल्कुल फ्लाप हो रही हैं। पिछले दिनों फ़ैज़ गार्डन में हुई जन सभा ने भी कोई कमाल नहीं दिखाया था और अब बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव भसाना में पूर्व प्रधान अनवर चौधरी के आवास पर हुई आसपाकां की मीटिंग भी कोई करिश्मा नहीं दिखा सकी। जिसके चलते जिला अध्यक्ष ने मीटिंग केंसिल कर वापस अपने गंतव्य की ओर लौटने में ही अपनी भलाई समझी और मीटिंग में आए लोगों को कहा कि जल्दी ही इस गांव में कोई बड़ी मीटिंग रखेंगे। दरअसल सुत्रों के अनुसार इस गांव के कुर्बान चौधरी अपने साथ में कुछ ग्रामीणों को बीती बृहस्पतिवार के दिन जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा के पास लेकर आजाद समाज पाटह्र कांशीराम की सदस्यता ग्रहण करके अपने गांव भसाना में आए थे और आते ही ग्रामीणों से बातचीत किए बिना ही अगले दिन शुक्रवार की मीटिंग रख दी गयी मगर मीटिंग में ज्यादा भीड़ नहीं जुट पाई। तब जिला अध्यक्ष ने वापस अपने गंतव्य की और लौटने में ही अपनी भलाई समझी। उधर कुछ ग्रामीणों ने अपना नाम नही छापने की शर्त पर बतलाया कि उन्हें तो पूर्व विधायक नवाजिश आलम खान के आने की खबर मिली थी कि वे इस मीटिंग में आ रहे हैं लेकिन जब उन्हें पता लगा कि वहां तो कोई जिला अध्यक्ष आ रहे हैं तो फिर वे आसपाकां की मीटिंग में ही नहीं गये। इस संबंध में जब आसपाकां के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा से बात करनी चाही तो उनका नंबर उपलब्ध नहीं हो सका था।



# सीओ ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

**छपार।** जय भारत इंटर कालेज में होने वाली पीसीएस परीक्षा सेंटर का सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा ने निरीक्षण किया ओर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।रविवार को छपार स्थित जय भारत इंटर कालेज में पीसीएस की परीक्षा होगी जिसमें तीन सौ चौरासी परीक्षार्थी भाग लेगें। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए शनिवार को सीओ सदर ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया उनके साथ थानाअध्यक्ष मोहित सहरावत व कालेज के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार साथ में रहे । सीओ सदर ने पुलिस को दिशा निर्देश दिये कि कोई भी परिक्षार्थी मोबाइल साथ नही ले जायेगा ओर परीक्षक भी मोबाइल नही रखेगा। अगर किसी के पास कोई परीक्षा से संबंधित सामग्री या मोबाइल पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ना विकास निदेशालय के डायरेक्टर ने किया गांवों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के गन्ना विकास निदेशालय के डायरेक्टर डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने शनिवार को गन्ना विकास परिषद टिकौला क्षेत्र के ग्राम हासमपुर और मोहम्मदपुर शकिस्त का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम हासमपुर में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया और ग्राम मोहम्मदपुर शकिस्त में आधार पौधशाला की स्थिति का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की और उन्हें गन्ना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने पौधशाला में गन्ने की उन्नत किस्मों की प्रगति देखी और किसानों को गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक टिकौला सौवीर सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मोरना संजय कुमार सिंह, सचिव प्रभारी सुभाषचंद्र यादव, चीनी मिल टिकौला के गन्ना प्रबंधक (विकास) दिनेश अग्रहरी, फील्ड स्टाफ गन्ना विकास परिषद टिकौला तथा चीनी मिल टिकौला के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



मीरांपुर: पौधशाला का निरीक्षण करते गन्ना विकास निदेशक।

# आज रहेगा बिजली का एक घंटे का शट-डाउन

**बुढ़ाना।** रविवार की सुबह 10 बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक यानि कि लगातार 01 घंटे तक कई स्थानों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह विद्युत वितरण खण्ड बुढाना के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उप केन्द्र वैल्ली की 33 केवी लाईन का मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए 10 बजे से लेकर 11 बजे तक कुल 01 घंटे का शटडाऊन रहेगा। जहां की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी उनमें बुढ़ाना टाऊन, अटाली, वैल्ली, चन्धेडी, बुढ़ाना देहात, मिण्डकाली, कुरथल, बिराल, अलीपुर अटेरना, जौला और परासौली विद्युत उप केन्द्रो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

# जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन



**मुज़फ्फरनगर।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज, में 9 से 11 अक्टूबर 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता तीसरे दिन समापन समारोह आयोजित किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी स्वरूप, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर, जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए तथा सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। **कार्यक्रम की प्रमुख झलकियां** तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के उच्च स्तर पर संपन्न हुआ। सफल आयोजन में प्रमोद कुमार, सत्यकाम तोमर, डॉ. राहुल कुशवाहा, अक्षय कुमार, सुधीर कुमार, विपिन त्यागी, डॉ. रवि कुमार, गया प्रसाद, नीरज, विनोद, विनुज, रमेश असवाल, वरुण, समीर कुमार, दीपक बालियान, राहुल राणा, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, शुभम, तेज प्रताप बाजपेई, शिव प्रताप, रचना रावत, प्रियंका शर्मा, प्रीति चौधरी, प्रीति शर्मा एवं शालिनी सिंह का सराहनीय योगदान रहा। संयोजक एवं प्रधानाचार्य आदित्य सक्सेना तथा मोनिका ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा खिलाड़ियों का समर्पण और अनुशासन ही उनकी वास्तविक उपलब्धि है। यही भावना उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की ओर ले जाएगी। क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाहा ने कहा कियह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में न केवल प्रतिस्पर्धा की भावना जगाती है, बल्कि उन्हें एकता, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी पाठ पढ़ाती है।

# डी एस पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर।** डी एस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिन विद्यार्थियों को स्काउट गाइड का इतिहास, झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट प्रतिज्ञा एवं सिद्धांत ,सहित स्काउट गाइड का बेसिक प्रशिक्षण दिया गया। भारत स्काउट गाइड संस्था द्वारा आयोजित इस शिविर में कक्षा 6 से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को प्रवेश ,प्रथम एवं द्वितीय सोपान के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन आज प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया।शिविर का शुभारंभ सहायक जिला आयुक्त गाइड रेणु गर्ग, जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोड़ा सहित स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन ,स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ राजीव कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। मेरठ सहारनपुर मंडल के स्काउट सहायक संगठन कमिश्नर अमित कुमार सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिविर का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर में स्काउट ट्रेनिंग काउंसलर पिंकू कुमार, गाइड ट्रेनिंग काउंसलर कुमारी साक्षी एवं आईटी काउंसलर अनुज कुमार ने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड की प्रतिज्ञा, नियम एवं सिद्धांत का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि स्काउट गाइड सबका मित्र, विश्वसनीय , साहसी अनुशासनशील एवं सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने वाला होता है। वह मन क्रम वचन से शुद्ध एवं पशु पक्षियों तथा प्रकृति से प्रेम करने वाला होता है। वह मितव्ययी एवं हमेशा दूसरों की सहायता करने वाला होता है। शिविर में विद्यार्थियों को स्काउट गाइड प्रतिज्ञा कराई गई कि वे सभी हमेशा स्काउट गाइड के नियमों का पालन करते हुए अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे ।कार्यक्रम के अंत में प्रथम दिन के शिविर के समापन पर स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड बनने पर बधाई देते हुए कहा कि स्काउटिंग का उद्देश्य बच्चों को चरित्रवान एवं शारीरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत बनाकर एक देशभक्त एवं कर्तव्य निष्ठ नागरिक के रूप में विकसित करना है।

# किसान उन्नति के लिए आधुनिक तरीके अपनाएं:वीरेन्द्र सिंह

**मोरना।** शुकतीर्थ मार्ग गांव छछरोली जंगल स्थित राठी फार्म हाउस पर निरीक्षण करने पहुंचे गन्ना विकास निदेशालय भारत सरकार कृषि एवं कल्याण मंत्रालय दिल्ली से पहुंचे निदेशक डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने कहा किसान यदि उन्नति चाहता है तो कृषि तकनीक पद्धति को अपनाएं। कृषि निवेशकों पर भारत सरकार द्वारा किसानों को छूट दी जा रही है। भारत सरकार को उन्नतशील किसानों के नाम भेजे जाएंगे।

उन्होंने कहा कृषि और किसान भारत देश की उन्नति का आधार है। गन्ना पोशाला तकनीकी विज्ञान पद्धति को कार्यशालाओं में किसानों को प्रशिक्षण देने पर भारत सरकार का जोर है। जगह-जगह अच्छे गन्ना प्रदर्शन आयोजन कराए गए। गन्ना पोशाला के अन्दर बीज उत्पादन पर अनुदान मिलेगा। किसानों का पंजीकरण कराकर बीज वितरण होगा। उत्तर प्रदेश के उन्नतिशील किसानों को चिन्हित कर भारत सरकार को भेजें जाएंगे। किसान सह-फसली खेती को अपनाएगा तो उन्नति निश्चित होगी। निरीक्षण के दौरान मोरना ब्लॉक के गांव रहकडा निवासी राजू अहलावत, ककरोली किसान यूनुस, पुठी किसान राजपाल आदि के खेतों में गन्ना फसल के बारे में जानकारी ली। हासमपुर में महिला समूह सहित नीला जलालपुर गन्ना पोशला का भी निरीक्षण किया। मोहम्मदपुर सकिस्ता में किसानों के गन्ना प्रदर्शन को देखा। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना किसान निरीक्षक संजय कुमार, अरविंद शर्मा गाना प्रबंधक टिकोला, गन्ना सुपरवाइजर मोरना मिल नवीन, राघवेंद्र, मोहर सिंह, अक्षय आदि सहित किसान सहायक गौरव सिंह भी मौजूद रहे।



# मीरापुर में पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना मीरापुर क्षेत्र में शनिवार को कस्बा इंचार्ज ओमेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य बाजार, बस स्टैंड व अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अवैध रूप से लगे प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाई नंबर प्लेट, हेलमेट व बिना नंबर वाहनों की सघन जांच की गई।

मीरापुर कस्बा इंचार्ज ने पुलिस टीम ने कस्बे में दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। जिन वाहनों में प्रेशर हॉर्न, बिना हेलमेट व नियम विरुद्ध नंबर प्लेट पाई गई, उनके चालकों को सख्त चेतावनी दी गई और मौके पर ही अवैध उपकरण उतरवाए गए। कस्बा इंचार्ज ओमेंद्र सिंह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि सड़क पर ध्वनि प्रदूषण और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी वाहन चालक भविष्य में नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ चालान या अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्री राम कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर नेशनल सेमिनार आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के सभागार में कृषि विभाग द्वारा,'' बौद्धिक संपदा अधिकार ''विषय पर एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत व दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस सेमिनार के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन, राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन, बौद्धिक संपदा अनमोल अग्रवाल, युवा वैज्ञानिक के रूप मे एसोसिएट ऑफिसर, इनोवेटिव बौद्धिक संपदा अधिकारी मोहम्मद नदीम, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ0 अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल, डीन अकादमिक डॉ0 विनीत कुमार शर्मा, कृषि विज्ञान के विभागध्यक्ष डॉ0 मो0 नईम, डॉ गिरेन्द्र गौतम निदेशक श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, डॉ मनोज धीमान निदेशक फाइन आर्ट्स आदि उपस्थित रहे।

सेमिनार के दौरान मुख्य अतिथि अनमोल अग्रवाल ने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार उन कानूनों और नियमों का समूह है जो किसी व्यक्ति या संगठन के रचनात्मक कार्यों और नवाचारों की सुरक्षा करते हैं। ये अधिकार उन लोगों को सक्षम बनाते हैं जो नए विचार, आविष्कार, साहित्यिक और कलात्मक कार्य, प्रतीक, नाम और चित्र विकसित करते हैं तथा यह भी बताया की भारत में बौद्धिक संपदा अधिकार आईपीआर से संबंधित कई महत्वपूर्ण कानून हैं जैसे कि पेटेंट अधिनियम 1970, कॉपीराइट अधिनियम 1957, ट्रेडमार्क अधिनियम 1999, औद्योगिक डिजाइन अधिनियम 2000, भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधि. नियम 1999 व प्लांट वैरायटी और किसान अधिकार अधिनियम 2001 जो विभिन्न प्रकार की बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करते हैं। कॉपीराइट रचनाकारों को उनके कार्य के लिए मान्यता और श्रेय सुनिश्चित करता है, जो कि अकाद. मिक प्रतिष्ठा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। यह शोधकर्ताओं को वित्तीय लाभ भी प्रदान करता है, जैसे कि पुस्तकों, सॉफ्टवेयर या प्रशिक्षण सामग्री की बिक्री के माध्यम से। इसके साथ ही, कॉपीराइट कानून शोध कार्य के अनुचित उपयोग या विकृति के खिलाफ नैतिक अधिकार भी प्रदान करता है, जिससे नैतिक और न्यायसंगत अनुसंधान प्रथाओं को बढ़ावा मिलता है। सेमिनार के दौरान मोहम्मद नदीम ने बताया कि अनुसंधान दृष्टिकोण का चयन अनुसंधान के उद्देश्यों और समस्याओं के आधार पर किया जाता है। आईपीआर से जुड़े कानूनी, सामाजिक, और आर्थिक मुद्दों की गहन समझ के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों का उपयोग किया जाता है। सिद्धांतपरक, प्रायोगिक, तुलनात्मक, और मिश्रित दृष्टिकोण के माध्यम के प्रभावों का विश्लेषण किया जाता है, जो नीति-निर्माण, कानूनी सुधार और सामाजिक जागरूकता में योगदान देता है।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निद. ेशक डॉ0 अशोक कुमार ने बताया कि कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों को पेटेंट के माध्यम से वित्तीय लाभ की गारंटी मिलती है, जिससे वे अधिकतम निवेश करने और नई कृषि तकनीकों को विक. सित करने के लिए प्रेरित होते हैं। हालांकि पेटेंट और कॉपीराइट नवाचार और ज्ञान के प्रसार को प्रोत्साहित करते हैं, लेकिन वे कुछ हद तक किसानों की पहुंच को भी सीमित करते हैं। पेटेंट की उच्च लागत के कारण छोटे किसानों और सार्वजनिक अनुसंधान संस्थानों के लिए नई तकनीकों और बीजों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल ने बताया कि कॉपीराइट अनुसंधान क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह शोधकर्ताओं के मौलिक कार्य को सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे उनका काम बिना अनुमति के नकल, वितरण या पुनरुत्पादन से बचा रहता है। इससे मौलिकता को प्रोत्साहन मिलता है और अकाद. मिक मानकों की रक्षा होती है।

सेमिनार में 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया, सेमिनार में विभिन्न कॉलेजों के विभागाध्यक्ष व सहायक प्रवक्ता प्रवक्ता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर के उनका आभार व्यक्त किया गया, एंव श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल के द्वारा अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया गया।सेमिनार का सफल संच. ालन कृषि विज्ञान विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ0 उमारा रहमानी व डॉ0 रिया जखवाल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ0 अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल, डीन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, विभागाध्यक्ष कृषि विज्ञान डॉ0 मौ0 नईम, डॉ0 विक्रांत कुमार, डॉ0 अंजली, डॉ0 प्रवीन मलिक, डॉ0 रिया जखवाल, डॉ संतोष कुमार, डॉ रत्न किरण, डॉ अक्षय छोकर, सचिन साहू, सबा राणा, सपना, डॉ ऋतू पुंडीर ऋतू गर्ग व राजकुमार का सराहनीय योगदान रहा।




मुजफ्फरनगर:सेमिनार में आए मुख्य अतिथि को सम्मानित करते श्रीराम कॉलेज के विभागाध्यक्ष।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली**। श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय, खतौली में शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शनिवार 11 अक्टूबर को महाविद्यालय में ''भारत की वीरांगनाएं - जीजाबाई, सावित्रीबाई फुले एवं अहिल्या देवी होल्कर'' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 65 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 नीतू वशिष्ठ ने बताया कि ''भारत की वीर माता'' के नाम से प्रसिद्ध जीजाबाई का जन्म 12 जनवरी 1598 को बुलढाणा, महाराष्ट्र स्थित सिंधखेड़ में हुआ था। बचपन में उन्हें 'जीजाऊ' के नाम से जाना जाता था। उनका विवाह कम उम्र में शाहजी राजे भोसले से हुआ। उन्होंने मराठा राज्य की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 अरविन्द कुमार ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई, 1725 को महाराष्ट्र के चौंढी गांव में हुआ था। विधवा होने के बाद उन्होंने राज्याभिषेक के पश्चात कई मंदिर, घाट, कुएँ और बावड़ियाँ बनवाईं तथा नारी शिक्षा और समाजिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।राजनीतिविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो0 नीरजा गुप्ता और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 अर्चना ने सावित्रीबाई फुले के योगदान को साझा किया। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला अध्यापिका बनीं और उन्होंने दलित तथा वंचित वर्ग की महिलाओं और बच्चों के लिए शिक्षा और आश्रय की व्यवस्था की। उनके प्रयासों को भारतीय नारी आंदोलन की जननी के रूप में जाना जाता है।मिशन शक्ति प्रभारी डॉ0 सपना जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 विशु ने किया। छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ0 विपिन कुमार बंसल, आशीष जैन, विकास जैन, डॉ0 संजीव कुमार, डॉ0 पारूल शर्मा, सचीन कुमार, प्राची, प्रीति, अलिशा, सीमा तोमर, रजत गुप्ता सहित शिक्षक उपस्थित रही।

## ऑर्गेनिक खेती नहीं हो पा रही सफल: सुबोध

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर निवासी हॉर्टिकल्चर और एग्रोनॉमिस्ट सुबोध कुमार ने बताया कि भारत जैसे विशाल कृषि प्रधान देश में आज ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की बात तो बहुत होती है लेकिन वास्तविकता यह है कि यह खेती अभी तक आम किसानों के लिए लाभदायक नहीं बन पाई है। मुख्य कारण लागत में असमानता। जब तक ऑर्गेनिक खेती की लागत इनऑर्गेनिक खेती की लागत के बराबर नहीं होगी तब तक इसकी मांग बढ़ नहीं सकती। आज ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग इनऑर्गेनिक उत्पादों से लगभग 4 गुना अधिक है और कई बार तो इससे भी ज़्यादा हो जाती है। फिर भी वर्तमान लागत के हिसाब से सिर्फ 0.5 फीसदी किसान ही ऑर्गेनिक उत्पाद बाजार में ला पा रहे हैं। सरकार की भूमिका और आवश्यक कदम। सरकार को इसे किसानों के लिए लाभदायक बनाना होगा। इसके लिए ऑर्गेनिक खेती की लागत घटाने के ठोस उपाय करने होंगे ताकि समाज के हर वर्ग के लोग इन उत्पादों को खरीद सके। ऑर्गेनिक फ़र्टिलाइज़र की आपूर्ति सरकार को ऑर्गेनिक फ़र्टिलाइज़र की सप्लाई बड़े स्तर पर बढ़ानी होगी ताकि किसान को यह आसानी से और सस्ते में उपलब्ध हो सके। वर्तमान में भारत के पास केवल 2-4-6 जैसे कमज़ोर ग्रेड के जैविक उर्वरक हैं जबकि हमें 20-20-20, 19-19-19, और 16-8-32 जैसे उच्च गुणवत्ता वाले ग्रेड की आवश्यकता है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इकरा हसन के बयान के खिलाफ उतरे हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारी



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने शनिवार को एसपी एनपी सिंह को एक ज्ञापन सौंपते हुए कैराना सांसद इकरा हसन के कथित विवादित एवं देशविरोधी बयान के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि गत 9 अक्टूबर को सांसद इकरा हसन द्वारा दिए गए एक बयान में उन्होंने यह कहा कि देश में ऐसे हालात कर देंगे जैसे पड़ोसी देश में लड़ाई-मारकाट के हैं। संगठन का आरोप है कि यह बयान न केवल संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन है बल्कि इससे देश में अराजकता, साम्प्रदायिक तनाव और विद्रोह जैसी स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास भी प्रतीत होता है। हिंदू रक्षा दल ने अपने ज्ञापन में कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन किसी व्यक्ति से ऐसे असंवैधानिक और देशविरोधी वक्तव्य की अपेक्षा नहीं की जा सकती। संगठन ने कहा कि यह वक्तव्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की श्रेणी में आता है और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है।

संगठन ने एसपी से मांग की कि सांसद इकरा हसन के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि संवैधानिक पद पर रहते हुए देशविरोधी या समाज को तोड़ने वाला बयान देने का साहस न कर सके। मांग की कि संबंधित प्रावधानों के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ की जाए।

## सांसद का आवास बना छावनी

**शाह टाइम संवाददाता**

**कैराना।** हिन्दूवादी संगठनों की ओर से मिली कथित धमकी के बाद कैराना की सपा सांसद इकरा हसन के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शनिवार को पुलिस प्रशासन ने सांसद के आवास को कड़ी सुरक्षा घेरे में लेते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। सांसद आवास तक जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस ने बेरिकेडिंग कर दी है। आने-जाने वाले लोगों की गहन तलाशी ली जा रही है और केवल आवश्यक जांच के बाद ही किसी को आगे बढ़ने दिया जा रहा है।



बीते दिनों सोशल मीडिया पर सांसद इकरा हसन के खिलाफ विवादित बयान और धमकी भरे संदेश वायरल हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश जारी किए। शनिवार सुबह से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह व कोतवाल समयपाल अत्री भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष सिंह भी कैराना पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर हालात की समीक्षा की सांसद आवास के आसपास पुलिस की कई टीमें लगातार गश्त कर रही हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। किसी को भी माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अगर किसी ने शांति भंग करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उधर, सांसद इकरा हसन ने पुलिस प्रशासन के कदम की सराहना करते हुए कहा कि वह धमकियों से डरने वाली नहीं हैं। जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया है और वह हमेशा उनकी आवाज उठाती रहेंगी।बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सांसद इकरा हसन के ष्डेंटिंग-पेंटिंगष वाले बयान के बाद हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल गया था। हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष द्वारा सांसद आवास पर पहुंचने की चेतावनी के बाद कैराना पुलिस अलर्ट मोड अपनाते हुए सांसद आवास पर सुरक्षा के .ष्टिगत भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

### सघन तलाशी ली

कैराना पुलिस ने शनिवार सुबह से ही सांसद के आवास की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बेरिकेडिंग कर दी थी। पुलिसकर्मी हर आने-जाने वाले की गहन तलाशी ले रहे थे। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को आशंका थी कि हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के कुछ कार्यकर्ता वेश बदलकर सांसद आवास तक पहुंचने का प्रयास कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा रखा गया था।

# चोरी की घटनाओं पर जताया रोष



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों ने गाजियाबाद में हुए प्रांतीय चुनावी सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग को पुनः आगामी 4 साल के लिए निर्विरोध सर्व सम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए गत दिनों नगर में बुढ़ाना रोड ,धीमानपुरा आदि बाजारों में हुई चोरी की घटनाओं पर रोष एवं चिंता व्यक्त करते हुए इन चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग करते हुए भविष्य में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने शामली जनपद के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा की शामली जिले के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियोंने उनमें अपना विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व देकर संगठन के प्रति उनकी आस्था एवं विश्वास का अटूट संकेत बताया, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि शामली नगर में गत सप्ताह कई बाजारों में चोरी की घटनाएं हुई है जो चिंता का विषय है इससे व्यापारियों में रोष व चिंता होना स्वाभाविक है उन्होंने कहा कि सोमवार 13 अक्टूबर को व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी पुलिस मुख्यालय जाकर माननीय पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह को ज्ञापन देकर इन चोरी की घटनाओं के खुलासे व भविष्य में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग करेंगे ताकि इस त्योहारी सीजन में व्यापारी निडर हो कर अपने व्यापार कर सके।

प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने फूड विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा की प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप इस त्योहारी सीजन में व्यापारियों को अनावश्यक छापेमारी कर परेशान ना किया जाए क्योंकि व्यापार मंडल के निर्देशाअनुसार व्यापारी किसी भी प्रकार की मिलावट जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का निर्णय ले चुका है बैठक में मुख्यतः सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, राजेश सिंगल जिला महामंत्री, नरेंद्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री, रामकुमार राय नगर अध्यक्ष ,सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष ,रवि संगल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामकुमार राय नगर अध्यक्ष, महेश धीमान नगर महामंत्री, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, वैभव गोयल जिला संगठन महामंत्री ऋषभ जैन नगर कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डीएम, एसपी पहुंचे वृद्धाश्रम



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान एवं एसपी एनपी सिंह ने शनिवार को झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित वृद्धाश्रम का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य, भोजन, रहन-सहन और देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डीएम एसपी ने वृद्धाश्रम की सफाई व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवासीय प्रबंध का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी देखभाल में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने निर्देश देते हुए कहा कि वृद्धाश्रम में निवास कर रहे सभी वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए और चिकित्सकीय परामर्श के अनुरूप समय से दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा करना हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। एसपी एनपी सिंह ने कहा कि पुलिस सदैव समाज के कमजोर और असहाय वर्ग के प्रति संवेदनशील है।

### सनातन ज्ञान केवल आध्यात्मिक साधना नहीं

**शाह टाइम संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, में चल रहे पांच दिवसीय सनातन सत्संग ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत आज तृतीय दिवस कथा आचार्य सुशील चन्द्र बलूनी ने विज्ञान, पर्यावरण और आधुनिक युग में सनातन दृष्टि विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने श्रोताओं को योग और ध्यान का वैज्ञानिक आधार समझाया, पंचमहाभूत एवं प्रकृति पूजन का महत्व बताया , आयुर्वेद से जीवन-संतुलन के सूत्र साझा किए और साइबर युग की चुनौतियों से निपटने के लिए सनातन मूल्यों का सहारा लेने की प्रेरणा दी। कथा आचार्य ने विशेष रूप से कर्ण और जयद्रथ की कथा सुनाई । उन्होंने बताया कि कर्ण एक महान योद्धा थे, लेकिन शापित थे, जबकि जयद्रथ को वरदान प्राप्त था, परन्तु वह श्रेष्ठ योद्धा नहीं थे। इससे यह संदेश मिलता है कि यदि हम अपने कर्म समर्पित भाव से नहीं करते, तो चाहे हमारे पास कितनी भी विशेषताएं हों, वरदान हों या कौशल हों। उनका कोई वास्तविक मूल्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सनातन ज्ञान केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि विज्ञान, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आधुनिक जीवन में भी मार्गदर्शन देता है । कथा के अंत मे स्वंत्रता संग्राम सेनानी स्वद्द ओमप्रकाश वर्मा के सपुत्र कपिल वर्मा को सम्मानित किया गया कथा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, किसान, और कारखाने के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जितेंद्र कुमार यादव - क्षेत्राधिकारी थानाभवन, फैक्ट्री के यूनिट हेड ज्ञानेंद्र वीर सिंह, केन हेड लेखपाल सिंह, इंजीनियरिंग हेड जगजीत सिंह, प्रोडक्शन हेड समरपाल सिंह, डॉ0 मती नीरज सैनी प्राचार्य-अतर सिंह डिग्री कॉलेज एवं जिला पंचायत सदस्य, वीरेंद्र जैन प्रबंधक-जैन कन्या इण्टर कॉलेज शामली, डॉ वीरेंद्र गोयल और अन्य गणमान्य अधिकारी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

### 14 अक्टूबर को लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** जिले में रोजगार की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली एवं कर्मभूमि कॉलेज, बामनौली ऊंचा गांव के संयुक्त तत्वावधान में 14 अक्टूबर को एक वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। यह मेला कॉलेज परिसर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं, जिनमें प्रमुख रूप से आरएसवी ज्वाइन इंडिया प्रालि, टेक्निकॉन इंडस्ट्रीज, फ्लिपकार्ट वेयरहाउस, सीएनएच इंडस्ट्रियल प्रा। लि।, पेटीएम, फोनपे, न्यू हॉलैंड कंपनी, कृष्णा मारुति लि। शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा 500 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में क्वालिटी इंजीनियर, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन इंजीनियर, पिकिंग, स्कैनिंग, डाटा एंट्री ऑपरेटर, तथा स्टूडेंट ट्रेनिंग जैसे विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

### मजदूर के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**शाह टाइम संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी एक ईंट भठे पर मजदूरी करने वाले व्यक्ति व उसके साथी पर तीन लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जूठी है। थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी विशाल ने बताया कि वह अपने गांव के समीप एक ईंट भट्टे पर मजदूरी कर ईट भराई का कार्य करता है। शनिवार को पीड़ित ईंट भठे पर जा रहा था आरोप है कि तभी गांव के ही तीन लोगों ने पीड़ित को पकड़ लिया उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़ित का आरोप है जब शोर शराबा सुनकर उसके गांव का ही पप्पू छुड़ाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### सफाई कर्मचारी पर लोहे का ढक्कन चोरी करने का आरोप, वीडियो वायरल

**कांधला।** कस्बा निवासी नौशाद मलिक पेप्सी सहित अन्य पेय पदार्थ का थोक विक्रेता है। उसकी दुकान कस्बे के बाईपास मार्ग पर है दुकानदार ने अपनी सुरक्षा के लिए दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। शनिवार को दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया है कि वीडियो में दिख रहा यह युवक नगर पालिका का सफाई कर्मचारी है। पालिका कर्मचारी नगर पालिका के लोहे का सीवर का डक्कन ने चोरी कर अपने वाहन में ले जा रहा है। पीड़ित दुकानदार ना आरोप लगाया कि पूर्व में भी उसकी दुकान के पास कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित दुकानदार ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए कस्बे के लोगों को जागरूक रहने की अपील की है।

# पीसीएस की परीक्षा सकुशल संपन्न कराने की तैयारी

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रांतीय सिविल सेवा PCS प्रारंभिक परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डियूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग UPPSC द्वारा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित होनो वाली प्रांतीय सिविल सेवा PCS प्रारंभिक परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक ACF/ क्षेत्रीय वन अधिकारी RFO प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डियूटी में लगे पुलिस बल को पुलिस लाइन, शामली में ब्रीफिंग देते हुए परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के सभी पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग, पैदल एवं वाहन गश्त, तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों या सुरक्षा खामियों को तुरंत रोका जाए और अभ्यर्थियों तथा परीक्षकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। इसके अलावा, उन्होंने सभी थानों को आदेशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास भीड़ नियंत्रित रखने, यातायात प्रबंधन, तथा संभावित आपात स्थितियों के लिए विशेष टीम तैनात करने हेतु आवश्यक प्रबंध करें।





इस आयोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि न्च्चैछ छै और ACF/RFO प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह ने अभ्यर्थियों से अपील की कि परीक्षा के दौरान सभी निर्देशों का पालन करें, सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें और किसी भी असामान्य या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी को दें। इस प्रकार, जनपद शामली में प्रशासन और पुलिस के संयुक्त प्रयास से परीक्षा की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

## फांसी लगाकर किया जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास



**शाह टाइम संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के इदरीश बैंग बिहार कॉलोनी में एक युवक ने गृह क्लेश के चलते अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। पत्नी के द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से दरवाजा तोड़कर युवक को फांसी के फंदे से उतरा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी आमिर खान पुत्र रोजूदीन का उसके घर पर परिवार के लोगों के साथ विवाद हो गया। घरेलू विवाद होने के कारण युवक तनाव में आ गया और अपने घर में पंखे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया।

युवक के द्वारा की गई हरकत पर उसकी पत्नी ने शोर मचा दिया। मौके पर आसपास के लोग भी आ गए और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा और फांसी के फंदे पर झूल रहे युवक को नीचे उतरा और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस की मुस्तैदी एवं आसपास के लोगों की मदद से युवक की जान बच गई युवक के द्वारा किया गया मामला चर्चा का विषय बना रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए युवक एवं उसके परिजन के बयान दर्ज किए और बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गई।

## आम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन को निर्देश

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** जिला विकास अधिकारी प्रेम चंद ने बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजना के सफल संचालन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश के 6 अक्टूबर 2025 के अनुसार निर्धारित समय सारणी के मुताबिक कार्यवाही की जाएगी।

बताया कि लाभार्थियों का चयन एवं आवेदन पत्र प्राप्त कर बैंकों में प्रेषित करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। बैंकों द्वारा आवेदन पत्रों की स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 नवम्बर तय की गई है। जबकि ऋण वितरणध्परिसम्पत्ति सृजन की तिथि 31 दिसम्बर रखी गई है। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी आवेदनकर्ताओं के आवेदन पत्र शीघ्र प्राप्त कर पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अपनी मांगों को लेकर निकाला पैदल मार्च







**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को दर्जनों हिन्दू संगठन के लोगों ने भारतीय वाल्मीकि धर्मसमाज के बैनर तले धर्म स्वातंर्त्य कानून की मांग को लेकर शहर के टंकी रोड से शिव चौक तक पैदल मार्च निकाला गया, जहां उन्होने सांकेतिक जाम लगाते हुए हिन्दूओं का धर्म परिर्वतन कराने वालों का चेताया है।

शनिवार को दर्जनों हिन्दू संगठन के लोगों ने भारतीय वाल्मीकि धर्मसमाज के बैनर तले व यशवीर सिंह महाराज के नेतृत्व में धर्म स्वातंर्त्य कानून की मांग को लेकर शहर के टंकी रोड से शिव चौक तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च टंकी रोड, धीमानपुरा फाटक, भिक्की मोड से होता हुआ शहर के शिव चौक पर जाकर संपन्न हुई। पैदल मार्च में हिन्दू संगठन के लोगों ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होने शिव चौक की परिक्रमा करते हुए सांकेतिक जाम लगाया। जिससे सडके दोनों ओर वाहनों की लाईने लग गई थी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वामी यशवीर सिंह महाराज ने कहा कि भारत की महानता उसकी विविधता में है। यहां सहस्रों वर्षों से अलग-अलग पंथ, परंपराएं और संप्रदाय पनपते रहे हैं। इस विविधता को सुरक्षित रखने का आधार है धर्म-स्वातंर्त्य। हर व्यक्ति को अपनी आस्था में जीने का अधिकार है।

अपनी पूजा-पद्धति अपनाने की स्वतंत्रता है। परंतु आज इस स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा संकट उसी स्वरूप से खड़ा हो रहा है, जिसे धर्मांतरण कहा जाता है। छल, बल और प्रलोभन से होने वाला धर्मांतरण किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन है और समाज की सांस्कृतिक अस्मिता पर आघात है। इसी कारण भारत के अनेक राज्यों ने धर्म-स्वातंर्त्य कानून बनाए है। संविधान का अनुच्छेद 25 स्पष्ट कहता है कि प्रत्एक व्यक्ति को स्वतंत्रता है कि वह अपने धर्म का प्रचार-प्रसार कर सके। लेकिन उसी अनुच्छेद में यह भी कहा गया है कि यह स्वतंत्रता जन-व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अधीन है। उन्होने कहा कि देश में हिन्दू बेटियों को गुमराह कर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है।

हिन्दूओं का धर्म परिवर्तन कराने वाले को फांसी होनी चाहिए। कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब खल, बल और लालय से धर्मातरण हुआ है, तब-तब समाज में विभाजन और संघर्ष पैदा हुए हैं। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा। मौके पर योगी गौतम नाथ महाराज, योगी अभयनाथ, विशाल निर्वाल, अर्जुन गौमत, कुलदीप गौड, संजीव निर्वाल, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।


# क्षेत्र में पशुओं की लगातार मौत पर किसानों ने दिया धरना

**शाह टाइम संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही पशुओं की अज्ञात बीमारी के चलते मौत को लेकर किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में पशुपालकों ने पशु चिकित्सालय परिसर में दुसरे दिन भी धरना दिया। शुक्रवार देर शाम से प्रारंभ हुए धरने के बाद अगले दिन शनिवार को पशुपालकों द्वारा कार्रवाई न होते देख चक्का जाम करने की चेतावनी देने के बाद जागे पशु चिकित्सा विभाग ने आनन फनन में पशुपालको से वार्ता कर मामले को निपटाया। उधर पशु पालकों ने 13 अक्टूबर तक समस्या का समाधान न होने पर महापंचायत की घोषणा की।

थानाभवन क्षेत्र में गत कुछ दिनों के भीतर कई पालतू व दूधरु पशुओं की अज्ञात बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। कुछ लोग इसे गलघोटू कह रहे हैं तो कुछ लोग इसे मुंह पका आदि बीमारियों का नाम दे रहे हैं।

उधर पशुपालको का आरोप है मामले को लेकर पशु चिकित्सा विभाग को कई बार सूचना दी गई परंतु विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। शुक्रवार देर शाम इसी क्रम के चलते जय भगवान की गाय की मृत्यु हो गई जबकि उसकी कटिया बीमारी के चलते तड़प रही थी। जिससे आक्रोशित पशुपालक किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व मे मृत गाय के शव को लेकर शुक्रवार देर रात अस्पताल परिसर में पहुचे तथा धरने पर बैठ गए। पशु चिकित्सा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे पशुपालकों ने बताया कि थाना भवन नगर में ही कई पशुओं की मौत हो चुकी है जिनमें अमित पुत्र फूल सिंह की कटिया, जय भगवान की गाय, चरण सिंह पुत्र रघुवीर सिंह की गाय, सुरेंद्र कुमार की कटिया आदि पशुओं की मौत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मौजूद रहते हुए भी क्षेत्र में पशुओं की मौत की घटनाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि कई दिनों से लगातार मवेशियों की मौत हो रही है, लेकिन न तो कोई जांच की जा रही है और न ही कोई उपचार संबंधी कार्रवाई हो रही है। इससे पशुपालकों में भारी रोष व्याप्त है।





पशुपालकों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में अवैध रूप से दवाइयों की बिक्री की जा रही है, जिससे गरीब पशुपालकों को दवाइयां बाहर से लाकर पशु को देने के कारण उनका शोषण हो रहा है। शुक्रवार के बाद अगले दिन शनिवार को भी धरना जारी रहा जिस पर कार्रवाई न होते देखा बौखलाए प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे सड़क पर उतरकर चक्का जाम करेंगे। चक्का जाम की सूचना मिलते ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी चंद्रभानु कश्यप स्थानीय चिकित्सा प्रभारी मुनेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंचे तथा पशुपालकों को समझने का प्रयास किया इसके बाद हुई वार्ता में चिकित्सकों द्वारा पशुओं का पोस्टमार्टम करा कर जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया उन्होंने बताया कि 13 तारीख तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तुरंत बीमार पशुओं को उपचार दिलाया जाएगा। इसके बाद धरना तो समाप्त हो गया परंतु पशुपालकों ने चेतावनी दी कि अगर 13 तारीख तक समाधान नहीं होता तो वे महापंचायत करेंगे। धरने में किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष लाखन राणा, महिपाल सिंह, सुरेश पाल पुंडीर, शहजाद पुंडीर, नरेश तोमर, पाल सहित दर्जनों पशुपालक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति: कस्बों देहातों में जागरूकता के लिए पसीना बहा रहे जवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे से लेकर देहात तक मिशन शक्ति फेज 5,0 के कार्यक्रमो ने दबाकर धूम मचा रखी है।मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीमें गांव गांव जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने का काम बड़े ही तेजी के साथ कर रही है।

थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी के कुशल निर्देशन में उनकी एंटी रोमियो/साइबर हेल्प डेस्क टीम प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव शर्मा,महिला उपनिरीक्षक मनोरमा चौधरी, सब इंस्पेक्टर तोता राम एव कांस्टेबल शीतल ने मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक।कल एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा रविवार को नगर में राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं तथा महिलाओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अक्टूबर 2025 के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा,सम्मान, स्वावलंबन एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की।अभियान में जिन प्रमुख विचारों से महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया जिनमें डिजिटल एरेस्टिंग"जैसी झूठी अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी गई,साइबर फ्रॉड,ऑनलाइन ठगी,फिशिंग कॉल्स,फेक लिंक व सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराधों से बचने के उपाय बताए गए।टीम ने बालि. काओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना,महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों,सुरक्षा एवं कानूनी संरक्षण की जानकारी दी गई।इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाए व बालिकाएं उपस्थित रहीं।

**चिलकाना।** थाना महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम घाटहेड़ा के पंचायत भवन में मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत चौपाल आयोजित करके महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

शनिवार को मिशन शक्ति इंचार्ज महिला एसआई सुमन, महिला हेड कांस्टेबल ज्योति रानी द्वारा ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में ग्राम पंचायत भवन में महिलाओं की एक चौपाल आयोजित की गई। उक्त चौपाल में मौजूद सभी महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सरकारी योजना सम्बन्धी पंपलेट वितरित किये गए।

वहीं विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पावर लाइन नंबर, आपातकालीन पुलिस सेवा नंबर, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर व साइबर फ्रॉड के बारे में भी बताया गया।







**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5.0 और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। थाना अध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में इंटर कॉलेज, रुड़की रोड, छुटमलपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर और होमगार्ड सुमित ने छात्राओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और डिजिटल सतर्कता के बारे में जागरूक किया।कार्यक्रम में छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएँ, बाल मजदूरी निषेध नीति, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, गुड टच और बैड टच के माध्यम से बालिकाओं को आत्मसुरक्षा और संवेदनशील परिस्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने के तरीके समझाए गए।साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता पर विशेष जोर दिया गया। छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी, फेक कॉल्स और फ्रॉड मैसेज से बचने के उपाय बताए गए। उन्हें संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करने और ऐसी स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी गई। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा) और 112 साझा किए गए।इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं में सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, डिजिटल साक्षरता और सरकारी योजनाओं की जानकारी को बढ़ावा देना है। यह पहल न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि उन्हें अपने परिवार और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित भी करती है।

मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना फतेहपुर पुलिस ने शनिवार को छुटमलपुर रुड़की रोड पर श्री राम कॉलोनी के समीप प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी विनय शर्मा की अगुवाई में मिशन शक्ति एंटी-रोमियो टीम ने दो शातिर अपराधियों, नईम (पुत्र हाजी खुर्शीद) और अहमद (पुत्र नसीम अहमद), दोनों निवासी मुस्लिम कॉलोनी, छुटमलपुर, को आम के बाग की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। पुलिस ने नईम के पास से एक .315 बोर का देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस, जबकि अहमद के पास से एक 12 बोर की अवैध मस्कट और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। दोनों के खिलाफ थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 280/25, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनय शर्मा, उपनिरीक्षक मशकूर अली, उपनि. रीक्षक शुभम चौधरी, महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर शामिल रहे. यह कार्रवाई मिशन शक्ति के तहत अपराध नियंत्रण और क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# खनिज से भरा घोड़ा डम्पर खेत में पलटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जाम के दौरान अन्य वाहनों को साईड देने के लिए सडक किनारे कच्ची मिट्टी पर उतरे खनिज से भरे घोडा डम्पर के पलटने से किसान की गन्ने की फसल क्षतिग्रस्त हो गई।

शनिवार को गांव धोलाहेडी से दुमझेडा रोड पर निकलने वाले कच्चा पक्का रास्ते पर धोलाहेडी की ओर से आ रहा खनिज से भरा एक घोडा डम्पर सडक पर जाम लगने के कारण सामने से आ रहे वाहनों को साईड देने के चलते सड़क किनारे कच्ची मिट्टी पर उतर गया। जिससे उक्त स्थान की मिट्टी नम होने कारण नीचे धंस गयी ओर डम्पर सडक किनारे किसान के खेत की मेड पर खड़े पोपुलर के पेडों को तोडते हुए गन्ने की फसल में पलट गया तथा खनिज सामग्री गन्ने की फसल को तोडते हुए खेत के काफी हिस्से में फैल गयी। जिससे किसान की गन्ने की फसल व मेड पर खड़े पोपुलर के पेड भी नष्ट हो गये।

# लोकतंत्र सेनानियों ने जेपी नारायण जयंती पर किया नमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद ने आज डॉ राम मनो. हर लोहिया के सच्चे अनुयायी जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

आज कलेक्ट्रेट बार संघ परिसर में लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद से जुड़े लोकतंत्र सेनानियों ने समाजवाद के चिंतक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी लोक कल्याण परिषद के मंडल संयोजक एवं पूर्व विधायक



सुखबीर सिंह पुंडीर, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर आजाद ने जयप्रकाश नारायण के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वह सदैव समा. जवाद के चिंतक रहे उन्होंने शोषण पिछड़े और वंचित समाज के लोगों की आवाज को उठाने का काम किया उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के शासनकाल में इमरजेंसी लगा दी गई थी, जिसका उनके द्वारा पुरजोर तरीके से विरोध किया गया था और उनके साथ भारी संख्या में लोगों ने जेल यात्रा भी की थी। उन्होंने बताया कि उनके विरोध के कारण 6 वर्ष के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि आपातकाल के दौरान हर किसी को समस्याओं से जूझना पड़ा। उन्होंने कहा कि जेल में यातनाएं सहने के बावजूद उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता नहीं किया जिसके फलस्वरुप देश में जनता पार्टी की सरकार बनी और आपातकाल में जेल जाने वाले लोगों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे आदर्शवादी और सिद्धांत वादी व्यक्ति के आदर्शों पर चलना चाहिए यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जिला संयोजक राजेंद्र अटल, जिलाध्यक्ष बलदेव राज जोशी, प्रवक्ता निसार सिद्दीकी, जमाल गोरी, नरेंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र त्यागी, राकेश, अशोक मित्तल, तहसीन अहमद, युसूफ, प्रेमसिंह भंडारी, शौकत, अनवर खान, अहमद जमाल, रशीद अहमद मौजूद रहे। अध्यक्षता नरेंद्र शर्मा एवं संचालन प्रवक्ता निसार सिद्दीकी ने किया।

# स्वदेशी मेले में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपी ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत आयोजित स्वदेशी मेला के तीसरे दिन शनिवार को स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों के स्टालों पर खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ी।

दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस ने स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी कर जीएसटी उत्सव का लाभ उठाया। मेले में घूमने आए परिवारों ने आकर्षक घरेलू और सजावटी वस्तुएं खरीदीं। प्रगतिशील उद्यमी संजय सैनी व अभिषेक कुमार द्वारा लगाए गए बुटिक स्टॉल तथा कान्हा गोशाला के गोबर से निर्मित पेंट, दीप आदि उत्पादों की बिक्री ने सबका ध्यान खींचा।

लाखों रुपये की बिक्री से स्टॉलधारक उत्साहित नजर आए। शोभित विश्वविद्यालय, गंगोह के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर मेले के माहौल को और रंगीन बना दिया। 10 दिवसीय स्वदेशी मेला वोकल फॉर लोकल की थीम पर आधारित है। सहारनपुर के ओडीओपी उत्पाद काष्ठ कला एवं हौजरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा ऋण सुविधा व राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा सके।

मेले में उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं सीएम युवा, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, पीएमईजीपी तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत करीब 50 स्टाल लगाए गए हैं, जिन पर दीपावली पर्व के मद्देनजर खरीदारों की भीड़ लगी हुई है।

# सपाइयों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को संपूर्ण क्रांति के उद्घोषक एवं समाजवादी आंदोलन के महान नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लेते हुए वर्ष 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

अम्बाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि जेपीएनआईसी समा. जवादियों का संग्रहालय है, जहां जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा सहित कई ऐतिहासिक वस्तुएं मौजूद हैं, जिनसे समाजवाद की विचारधारा को



समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसान और नौजवानों की समस्याओं से बेपरवाह है। युवा बेरोजगार हैं, किसानों को फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है। जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लो. कनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जेपीएनआईसी जाने से रोकना लो. कतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार है। पिछले वर्ष भी उन्हें जयंती के अवसर पर माल्यार्पण की अनुमति नहीं दी गई थी, तब उन्होंने दीवार फांदकर श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश यादव ने ही जेपीएनआईसी का उद्घाटन किया था। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रूही अंजुम, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव, सपा नेता अब्दुल गफूर, जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, अधिवक्ता प्रकोष्ठ प्रदेश सचिन जमाल साबरी, हसीन कुरैशी, जिंदा हसन, अब्दुल रहमान, नदीम कुरैशी, अयाज उस्मानी, कैफ कुरैशी, नावेद नारायण, जमील साबरी, वसीम उस्मानी, महताब अली, वेदपाल पटनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में डीआईजी कार्यालय रहा अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (आईआरजीएस) पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में सहारनपुर परिक्षेत्र ने माह सितम्बर में प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह के कुशल निर्देशन में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों द्वारा आईआरजीएस जनसुनवाई एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का शासन की मंशानुरूप समयबद्ध एवं विधिक निस्तारण किया गया। इसके उत्कृष्ट परिणामस्वरूप परिक्षेत्र सहारनपुर को आईजीआरएस पोर्टल की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रथम स्थान हासिल हुआ है।

इस उपलब्धि पर पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि वे आगे भी इसी प्रकार प्राप्त शिकायतों का उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

## निमार्ण कार्य का शुभारंभ

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड संख्या 16 में नगर निगम निधि से बनने वाली सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 13 लाख रुपये व्यय आयेगा। महापौर डॉ. अजय कुमार ने नवीन नगर में गेंती चलाकर एवं नारियल फोड़कर सीसी सडक व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

# किसानों का भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** शाकुंभरी शुगर मिल टोडरपुर पर किसानों के बकाया भुगतान को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को 14 दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक शासन प्रशासन व मिल मालिक की ओर से कोई निर्णायक कदम नही उठाया गया है।

धरने पर बैठे किसानों ने कहा का कहना है कि "अब उनके सब्र का बांध टूट चुका है। बार-बार के आश्वासन अब भरोसे के काबिल नहीं रहे।" इन परिस्थितियों को देखते हुए किसान संघर्ष समिति, टोडरपुर ने एक निर्णय लिया है कि आज 12 अक्टूबर 2025 रविवार सुबह 10 बजे से किसान भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

किसानों का कहना है कि यह आंदोलन का अगला चरण है, जो अब किसानों की आर्थिक लड़ाई के साथ-साथ उनके सम्मान की लड़ाई भी बन चुका है।

जब तक उनका भुगतान अथवा कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आता है तब तक वह भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे। इस दौरान चौ. देवी सिंह, चौ. ताहिर चेयरमैन, चौ. नारायण सिंह, चौ. जाबिर हसन, सतीश शर्मा, हाजी मुकर्रम, चौ. हाशिम, कय्यूम प्रधान, हाजी नदीम दबकोरा, चौ. सफदर, चौ. अशरफ अली, श्याम कंबोज, चौ. आकिल, डॉ. मेघराज, इंतजार गौर, अनिल सैनी, डॉ. कुलदीप, राजेश चेयरमैन एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

# आरटीई में शामिल बच्चों से वसूली फीस

## जांच में मिले दोषी, केवल छह की फीस वापस करने के आदेश को बताया अन्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नई दृष्टि नवयुग ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 का उल्लंघन कर कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों से फीस वसूलने वाले नेहरू इंटर कॉलेज टोपरी के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक जांच में दोषी पाए गए हैं, फिर भी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा केवल छह माह की फीस वापस करने का आदेश देना सरासर अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो ग्राम प्रधान संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

कोर्ट रोड स्थित एक सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष



संजय वालिया ने बताया कि ग्राम पंचायत टोपरी के प्रधान अतुल वालिया ने शिकायत की थी कि नेहरू इंटर कॉलेज प्रबंधन द्वारा कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों से अवैध रूप से फीस वसूली की जा रही है। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जांच के लिए राजकीय कन्या इंटर कॉलेज देवला कीप्रधानाचार्य श्रीमती गरिमा रानी को नामित किया था। उन्होंने बताया कि जांच में आरोप पूरी तरह सत्य पाए गए, फिर भी जिला विद्यालय निरीक्षक ने केवल छह माह की फीस वापस करने का आदेश जारी किया है, जो अव्यवहारिक और न्याय के विपरीत है। अध्यक्ष संजय वालिया ने कहा कि जब जांच में विद्यालय प्रबंधन दोषी पाया गया है, तो उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी वित्त पोषित विद्यालय इस प्रकार की अनियमितता न कर सके। उन्होंने मांग की कि वर्ष 2011 से 2025 तक की वसूली गई फीस को वापस कराया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्राम प्रधान संगठन उग्र आंदोलन करेगा। इस अवसर पर अतुल वालिया, रजत राणा, बबलू वालिया लंबरदार, विशाल कुमार, राकेश कश्यप और जीशान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे मकान का असल बैनामा रकबई 50 वर्ग गज नगर निगम न. 11/1715/334 वाके आली स्वाद दर आबादी कमेला कालोनी सहारनपुर जो मेरे द्वारा इकरारी मतलूब अहमद व महमूद अतहर से दिनाँक 05/12/1992 जिल्द 3775 सफा नं. 371/378 द.न. 3855 सब रजिस्टार प्रथम सहारनपुर में रजिस्टर्ड है वास्तव में कही गुम हो गया है। किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

**दिलशाद अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी मौहल्ला दाउद सराय, जिला सहारनपुर। मो. 9359404630 आधार कार्ड 295039296021**

# रामपुर मनिहारान बना ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तीन दिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ओवर ऑल चौम्पियनषिप का खिताब रामपुर मनिहारान ने अपने नाम किया। जबकि तहसील सहारपुर उप विजेता बना आज पुरूस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा गया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश चौधरी का जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अरविन्द कुमार पाठक, संयोजक दिनेश कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य डी सी जैन इंटर कॉलेज सरसावा तथा संयोजिका प्रधानाचार्या गुरुनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज श्रीमती बलविन्दर कौर एंव सह संयोजक सरदार मोहन सिंह प्रधानाचार्य गुरुनानक इंटर कॉलेज सहारनपुर एवं सह संयोजिका डॉ पूजा मलिक प्रधानाचार्या श्री दिगंबर जैन कन्या इण्टर कॉलेज सहारनपुर ने बुके भेंटकर का स्वागत किया। प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष राजवीर सिंह प्रधानाचार्य गोचर कृषि इंटर कॉलेज रामपुर मनिहारन, डॉ . अनूप सिंह,डा नरेश चन्द चमोली, पवन सिंह राठौर, श्याम सिंह, विक्रम सिंह, आसमा परवीन, सविता, टीना सराव, शोभा चौधरी, रीना, अमरदीप पुण्डीर, डा युद्धवीर सिंह, राजेंद्र राठौर, जयदीप त्यागी आदि प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्यों ने भी फूल मालाओं से मुख्यातिथि का स्वागत किया। समापन समारोह में दिगम्बर जैन कन्या इंटर कॉलेज सरसावा की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राजकीय इंटर कॉलेज कैलाशपुर की छात्राओं ने लोक गीत, डीसी जैन इंटर कॉलेज सरसावा ने मेरे देश की धरती देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने पंजाबी गीत पर भांगड़ा की प्रस्तुति दी। जिला विधालय निरीक्षक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पांचों तहसील से चार सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रतिभागी 17 से 19 अक्टूबर तक मुजफ्फरनगर में आयोजित मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में गोचर कृषि इंटर रामपुर मनिहारन के छात्र राहुल व्यक्तिगत चौम्पियन रहे, जूनियर बालक वर्ग में बी एचएस इंटर कॉलेज के छात्र अर्णव व्यक्तिगत चौम्पियन रहे, सीनियर बालिका वर्ग में वैदिक इंटर कॉलेज मुजफ्फराबाद की छात्रा खुशी व्यक्तिगत चौम्पियन रही। जूनियर बालिका वर्ग में गोचर कृषि इंटर कॉलेज रामपुर मनिहारान की छात्रा शगुन व्यक्तिगत चौम्पियन बनी, सब जूनियर बालिका वर्ग में एचएवी इंटर कॉलेज सहारनपुर की छात्रा शिखा व्यक्तिगत चौम्पियन बनी, प्रतियोगिता में ओवर ऑल चौम्पियन रामपुर तहसील रहा और ओवर ऑल रनर अप सहारनपुर तहसील रहा। विज. ेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मैनपाल सिंह, राजकुमार तोमर,जयराज सिंह, मुकेश राही, विजेंदर सिंह, अनुज कुमार, अंकुर कुमार, आदेश कुमार, सुधीर शर्मा, संजय कुमार, राव अफजल, अमर सिंह, सुबोध पुण्डीर, कृष्ण पाल, संजीत, शुभम पांचाल, सौरभ त्यागी, रविन्द्र पंवार, सुशील पंवार, संदीप शर्मा, प्रदीप कुमार, निकुंज चौधरी, रेणू तिरपाठी, मंजीत मोर्चा, अंजू कनोजिया, रेनू पंवार, प्रीति आदि शारीरिक शिक्षकों का सहयोग रहा।

❐**गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज प्रांगण में विज्ञान संकाय द्वारा मिशन नारी शक्ति के अर्न्तगत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 30 प्रतिभागियों में से शिवानी और हिमांशी प्रथम, तनु और धानवी द्वितीय व फिजो व आकृति तृतीय के अलावा अवनी को सांत्वना पुरस्कार मिला। संचालन सिल्की गर्ग ने किया, जबकि वन्दना सैनी, विदुषी मित्तल व आसमां ने भरपूर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. पवन बंसल ने विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# फब्तियां कसते दो मनचले दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम ने आती-जाती महिलाओं/ युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले दो मनचले युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।



जनपद पुलिस द्वारा महिला सम्बंधसील अपराधों की रोकथाम, नारी सुरक्षा एवं सम्मान को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम ने प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम व महिला उपनिरीक्षक अंजू सिंह के नेतृत्व में मौहल्ला शालीमार गार्ड निकट भोपाल सिलाई मिशन सैंटर के पास गश्त के दौरान ऐसे दो मनचले युवकों को गिरफ्तार कर लिया जो आती-जाती महिलाओं /युवतिों पर अश्लील टिप्पणी/फब्तियां कस रहे थे। दबोचे गए आरोपियों गुलफाम पुत्र अफजाल निवासी गीतांजलि विहार गैस गोदाम रोड थाना कोतवाली नगर व विक्रम पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम मुल्ला नगराजपुर थाना कोतवाली नगर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा-296 के तहत चालान कर जेल भेज दिया।

# उलेमा व छात्रों ने तालिबान सरकार के विदेश मंत्री का किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अफगानिस्तान की ताल. ीबान सरकार के विदेश मंत्री मौलाना अमीर खान मुत्तकी भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विश्वविख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम पहुंचने पर दारुल उलूम के उस्तादों एवं हजारों छात्रों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुत्तकी ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के बीच पुराने दोस्ती के रिश्ते रहे हैं, इन्हीं रिश्तों को और अधिक मजबूत करने के लिए वह भारत यात्रा पर आए हैं।

दारुल उलूम पहुंचने के बाद तालिबानी विदेश मंत्री मौलाना अमीर खान मुत्तकी ने दौरा ए हदीस (हदीस का अंतिम पाठ) मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी से पढ़ा और सनद हासिल करने के बाद उनकी दस्तारबंदी की गई। इस दौरान अमीर खान मुत्तकी ने मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी का माथा चूमकर उलेमाओं के प्रति अपनी अकीदत और मोहब्बत का इजहार करते हुए कहा कि दारुल उलूम हमारा रूहानी केंद्र है। यह उनकी जिंदगी का महत्वपूर्ण पल है।

देवबंदी विचारधारा के केंद्र विश्वविख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम का भ्रमण करने के लिए तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मौलाना अमीर खान मुत्तकी शनिवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवबंद पहुंचने पर दारूल उलूम के वरिष्ठ उलेमा और कतारो मे लगे हजारों छात्रों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार बनने के बाद यह पहला मौका था जब तालिबान सरकार के टॉप टेन कमांडरों में शामिल नेता देवबंद पहुंचे थे। इस दौरान मुत्तकी ने अपने भव्य स्वागत के लिए उलेमा ए देवबंद और मदरसा छात्रों का आभार जताते हुए कहा कि दारुल उलूम देवबंद की आबोहवा को महसूस करना उनकी ख्वाहिश थी जो आज पूरी हो गई है। उन्होने कहा कि भारत और अफगानिस्तान एक क्षेत्र के दो देश हैं। दोनों देशों के बीच और अधिक मजबूत हो रहे रिश्ते नया इतिहास बनेगा। सुरक्षा की दृष्टी से डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीणो सागर जैन, एसडीएम युवराज सिंह, भारी सुरक्षा बल मौजूद रहा।





अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलाना आमिर खान मुत्ताकी के दारुल उलूम दौरे को कवरेज करने पहुंची महिला पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाने और पर्दे के पीछे बैठने की बात कहने को दारुल उलूम प्रशासन ने सिरे खारिज किया है। प्रबंधन का कहना है यह अफवाह है बाहर से आई महिला पत्रकारों को कवरेज करते साफ देखा गया है।दरअसल, विद. ेश मंत्री मौलाना आमिर खान मुत्ताकी के दारुल उलूम के दौरे को कवरेज करने के लिए बाहर से कुछ महिला पत्रकार भी यहां पहुंची थी। इस दौरान अफवाह फैली की दारुल उलूम प्रशासन ने महिला पत्रकारों पर बंदिश लगाई है और उन्हें पर्दे के पीछे बैठने को कहा है। लेकिन जब इस संबंध में दारुल उलूम प्रशासन से पूछा गया तो उन्होंने इस पर हैरत जताई। कहा कि उन्होंने इस तरह की कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है, यह अफवाह है। लाइब्रेरी और संस्था के मेहमानखाने में महिला पत्रकारों ने बिना रोकटोक कवरेज किया है।

# दारूल उलूम पहुंचने पर छात्रों की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलाना आमिर खान मुत्ताकी के दारुल उलूम दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था चौबंद की थी, लेकिन उनके संस्था परिसर में पहुंचते ही उनसे मिलने के लिए छात्रों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी को स्वयं व्यवस्था संभालनी पड़ी।

मौलाना आमिर खान मुत्ताकी से मिलने की मदरसा छात्रों की चाहत ने उनके कार्यक्रम की व्यवस्था को प्रभावित किया। लाइब्रेरी पहुंचे विदेश मंत्री मुत्ताकी की एक झलक पाने को छात्र बेताब दिखाई दिए। छात्रों की इस मोहब्बत को देखकर मुत्ताकी गदगद जरूर हुए, लेकिन यह पुलिस प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गई। लाइब्रेरी में उमड़ी छात्रों की



भीड़ को कंट्रोल करने के लिए एसएसपी आशीष तिवारी ने खुद माइक संभाला और छात्रों को वहां से जाने के लिए कहते सुनाई दिए। इस दौरान दारुल उलूम प्रशासन के लोग भी वहां पहुंच गए, जिन्होंने छात्रों पर सख्ती दिखाई, जिसके चलते छात्र वहां से हट सके। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के दारुल उलूम दौरे को लेकर खुफिया विभाग की इकाईयों के अधिकारी भी पूरी तरह चौकन्ना रहे। उनके दारुल उलूम में प्रवेश करने से लेकर वहां से जाने तक वह पल-पल की स्थिति पर नजर गड़ाए

# अफगानिस्तान के छात्रों ने विदेश मंत्री को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विदेश नीति के तहत अफगानिस्तान के छात्रों को भारत के लिए सीमित वीजा को लेकर दारुल उलूम में अध्ययनरत छात्रो ने अफगानी विदेश मंत्री मौलाना आमिर खान मुत्ताकी को पत्र देकर वीजा व्यवस्था को पूरी तरह बहाल कराए जाने की मांग की।

वर्तमान में दारुल उलूम में अफगानिस्तान के करीब 12 छात्र तालीम हासिल कर रहे हैं, जबकि पूर्व में यह संख्या सौ से अधिक हुआ करती थी, लेकिन विदेश नीति के तहत एजुकेशन वीजा को सीमित कर दिया गया। जिसको लेकर अफगानी छात्र दारुल उलूम में शिक्षा हासिल करने के लिए नहीं आ पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर अफगानी छात्र संस्था के मेहमानखाने में रुके अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलाना आमिर खान मुत्ताकी से मिले। उन्होंने पत्र सौंपते हुए वीजा व्यवस्था को पूरी तरह बहाल कराए जाने की मांग की, ताकि जो छात्र दारुल उलूम में शिक्षा हासिल करने के लिए आना चाहते हैं उनका यह सपना पूरा हो सके। नाम न छापने की शर्त पर कुछ अफगानी छात्रों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्री मुत्ताकी को पत्र सौंपा है, जिन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। अपने वतन से आए मुत्ताकी से मिलकर अफगानी छात्र बेहद खुश दिखाई दिए।



**देवबन्द।** वक्फ दारूल उलूम के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी को जानमाज भेंट करते अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी छाया: शाह टाइम्स

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आंखो की जांच कर उन्हें आंखो की बिमारियों से बचाव के सुझाव दिये गए। जामिया तुल कुदसियात शिक्षा समिति देवबंद के तत्वाधान मे मोहल्ला अब्दुलहक तीरग्रान मस्जिद के निकट हाफिज जानू के आवास पर नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 220 मरीजों ने शिविर का लाभ उठा कर आँखों की जाँच नि:शुल्क कराई साथ ही सभी बीमारियों के खून टेस्ट नि:शुल्क कराय और स्वास्थ्य चेकअप करा कर उन्हें नि:शुल्क ओषधी वितरित की गई। शिविर का उद्धघाटन इरम उस्मानी व संस्था के अध्यक्ष कारी अमिर उस्मानी ने



संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शिविर आयोजक कारी आमिर उस्मानी ने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य शि. विर लगाये जाने से जरूरतमंद लोगो को लाभ मिलता हैं। इस अवसर पर मुकीम अब्बासी वे उनकी पूरी टीम, डॉ नवेद गोड, डॉ असमा, डॉ सारिक अंसारी, डॉ हुस्ना,हाफिज जेनुलाबेदिन आदि लोग शामिल रहे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ का पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। तड़के से ही महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया।

पारंपरिक पोशाक और गहनों से सजी-धजी विवाहित महिलाओं ने घरों और मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु और खुशहाली की कामना की। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बावजूद सुहागिनों के चेहरे पर अद्भुत उल्लास झलकता रहा। जगह-जगह महिलाओं ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं और पारंपरिक रीति अनुसार करवा चौथ की कथा सुनी। जैसे ही चाँद बादलों से निकल कर आसमान में झलका, महिलाओं ने छलनी से दर्शन कर चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित किया और पति के दर्शन के साथ व्रत खोला।

# जंग-ए-आजादी से भी अफगानिस्तान का एक विशेष संबंध रहा है: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अफगानिस्तान से हमारा मात्र इल्मी और रूहानी (आध्यात्मिक) संबंध नहीं है, बल्कि इसके साथ हमारे तहजीबी और सांस्कृतिक रिश्ते भी रहे हैं।

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने विदेश मंत्री मौलाना आमिर खान मुत्ताकी के दिल्ली रवाना होने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत की जंग-ए-आजादी से भी अफगानिस्तान का एक विशेष संबंध रहा है। आज की पीढ़ी शायद इस बात से परिचित न हो। लेकिन यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि आजादी की लड़ाई के दौरान दारुल उलूम के सदर-उल-मुदर्रिसीन (प्रधान अध्यापक) शेखुल हिंद मौलाना महमूद हसन के आदेश पर अफगानिस्तान में ही हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने एक जला-वतन (निर्वासित) सरकार कायम की थी। उस सरकार के राष्ट्रपति राजा महेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानमंत्री मौलाना बरकतुल्लाह भोपाली और विदेश मंत्री मौलाना उबैदुल्लाह सिंधी थे। मौलाना मदनी ने कहा कि अफगानिस्तान की जनता ने भी विद. ेशी कब्जे से अपने वतन को आजाद कराने के लिए हमारे बुजुर्गों का ही तरीका अपनाया। अफगानिस्तान की जनता ने रूस और अमेरिका जैसी बड़ी शक्तिशाली ताकतों को मात देकर आजादी हासिल की है। मौलाना मदनी ने कहा कि वर्ष 1991 के बाद



यह पहला मौका है, जब अफगानिस्तान का कोई प्रतिनिधिमंडल विदेश मंत्री मौलाना आमिर खान मुत्ताकी की अगुवाई में भारत के दौरे पर आया है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

## जय प्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे: शेख जाकिर हुसैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यकर्त्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने अन्याय, भ्रष्टाचार और सत्ता के अहंकार के विरुद्ध संघर्ष कर देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज जयप्रकाश के आदर्श पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जनहित और किसान हित के लिए संघर्ष करता रहेगा। जयप्रकाश नारायण ने यह सिखाया कि राजनीति सत्ता पाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का साधन है। आज की राजनीति में अगर पारदर्शिता और नैतिकता लानी है, तो




हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं, व्यापारियों और वंचित वर्गों की आवाज बनकर खड़ा है। समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता 'लोकशक्ति ही राष्ट्रशक्ति' के सिद्धांत को अपनाते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव संघर्षशील रहेगा।

उन्होंने कहा कि आज जब शिक्षा, रोजगार और किसानों की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, तब हमें जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति की भावना को आत्मसात करना होगा।

उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक सपा कार्यकर्त्ता अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक न्याय, समान अवसर और पारदर्शी राजनीति के लिए कार्य करें।

जयंती कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह देवल, डॉ. रहमान, सत्यपाल सिंह, मदन लाल सैनी, वीके कश्यप, राधा सैनी, महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, अफजाल उल हक, डॉ. इरफान मलिक, अहमद खिजर खान, रामचंद्र, बबली भुईयार, नमन कुमार, संजय पाल उपस्थित रहे।

# सेंट मैरी में विज्ञान प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आज सेंट मैरी स्कूल में विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर लिसी एवं विद्यालय के प्रबंधक फादर जोश वर्गीस के कुशल मार्गदर्शन में आज विशाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एसएचओ राहुल कुमार थे।

विशिष्ट अतिथि एवं निर्णायक की भूमिका में फादर वर्गीस, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. श्रीमती अजीता अग्रवाल, प्रमोद कुमार भंडारी, डॉ. नीति शर्मा, डॉ. के.सी. मठपाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर जोश वर्गीस ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार प्रकट किया और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के मनोबल का विकास होता है तथा उन्हें इस तरह की प्रदर्शनियों के माध्यम से सीखने का मौका मिलता है। जिससे उनके बुद्धि एवं कौशल का विकास होता है। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बच्चे एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## पुलिया की टूटी अप्रोच से खतरा

**अफजलगढ़।** जसपुर मार्ग के तीव्र मोड़ पर एक दुर्घटना में नाले की पुलिया की टूटी अप्रोच के कारण हर समय दुर्घटना का भय बना हुआ है। विभागीय अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। गौरतलब है कि जसपुर मार्ग पर रहमान मार्बल गोदाम के समीप तीव्र मोड़ पर स्थित नचना नदी के नाले में बीते रविवार आईजीएल कंपनी लिमिटेड काशीपुर से हरिद्वार कार्बन डाइऑक्साइड (काल्डिंग गैस) लेकर जा रहा एक टैंकर तीव्र गति से अनियंत्रित होकर पुलिया की अप्रोच तोड़ते हुए नाले में गिर गया था, जिसमें चालाक व परिचालक की मौत भी हो गई थीं। परंतु एक सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिया के अप्रोच की मरम्मत नहीं हुई। लगता है पीडब्लूडी के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों को शायद किसी और बड़ी घटना का इंतजार है। उक्त अफजलगढ़ जसपुर मार्ग पर चौबीसों घंटे यात्री वाहनों, मालवाहक ट्रकों, बस, कार व दो पहिया वाहनों आदि का आवागमन होता है। जिसके चलते पुलिया की अप्रोच टूट जाने के कारण दुर्घटना का भय बना हुआ है।

## विद्यार्थियों का करियर मार्गदर्शन

**धामपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल-प्रोफेशनल स्टडीज में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विषय विशेषज्ञ बृजेश कुमार भाटिया एवं कुमारी वंशिका यादव ने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने करियर से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार पूर्वक समाधान किया। यह सेमिनार विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों ने उपहार और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह ने विषय विशेषज्ञों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. ममता सिंह विद्यार्थियों को इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के समस्त फैकेल्टी चंचल सैनी, हिमांशु कुमार आदि सहित समस्त स्टाफ शामिल रहा।

## नशीला पदार्थ बेचने का आरोप

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के ग्राम जालपुर के जाहिद मलिक, बलवीर सिंह, राशिद, खुर्शीद, जयपाल सिंह, ओमपाल, पीतम सिंह, सौपाल, फरमान आदि नांगल थाने पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी कि उनके गांव के तीन व्यक्ति गांव में सुल्फा, गांजा बेचकर नवयुवकों को नशे की ओर धकेल रहे है। इसके साथ ही अपने मकान की छत पर बैठकर शराब पीकर गाली गलौच करते है। ग्रामीणों के समझाने मारपीट पर उतारू हो जाते है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पुलिस से कार्रवाई करते हुए तहरीर सौंपी है। ट्रेनी सीओ कुलदीप सिंह ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## मुस्लिम फंड कालेज में जागरूकता कार्यक्रम

**शेरकोट।** मुस्लिम फंड गर्ल्स कॉलेज में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार और उनकी टीम ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लगभग 50 बालिकाओं ने भाग लिया और दौड़ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 13 बालिकाओं को मेडल वितरित किए गए।

# आरबीडी में एड ऑन कोर्स का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय एवं गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज, चांदपुर के संयुक्त तत्वावधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'सोशल इश्यूज: कोसेज, कॉन्सेक्यूएंसेस एंड सॉल्यूशंस' विषयक छ: दिवसीय एड ऑन कोर्स के समापन दिवस आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के समाजशास्त्र विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरविंद सिरोही, गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज, चांदपुर की प्राचार्या प्रोफेसर साधना, प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मंजू चौधरी, सह समन्वयक श्रीमती अनु रानी, प्रवक्ता कु. साक्षी एवं श्रीमती शाइस्ता जमील के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता ने सोशल मीडिया का समाज पर प्रभाव विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिया। सोशल मीडिया का समाज पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का गहरा प्रभाव पड़ता है, जिसमें संचार और सूचना का आसान प्रसार जैसे फायदे और मानसिक स्वास्थ्य, गलत सूचना के प्रसार और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं शामिल हैं। यह रचनात्मकता को बढ़ावा देता है, व्यवसायों को बढ़ाने में मदद करता है, और राजनीतिक सक्रियता का मंच बन सकता है, लेकिन चिंता, अवसाद और लत जैसी समस्याएं भी पैदा कर सकता है। छ: दिवसीय एड ऑन कोर्स के समापन दिवस में सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ एड ऑन कोर्स के पंचम दिवस हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कीर्ति, द्वितीय खुशी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली अमरीन और इकरा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर साधना ने ऐड ऑन कोर्स के आयोजन के लिए महाविद्यालय एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं प्रेषित की। बच्चों के भविष्य के लिए इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए।

## चांदपुर में बिक रहा नकली दूध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** दीपों के पावन पर्व पर बाजारों की रौनक बढ़ने लगी है। साथ ही हॉलसेल दुकानदारों द्वारा पुराना माल भी कम रेट पर बिक्री हेतु निकाला जा रहा है, जिससे न सिर्फ उनके पुराने व कबाड़ हो रहे सामान से इंकम हो रही है बल्कि कबाड़ियों का कारोबार भी तेजी से चल निकला है।

दीपावली के पर्व पर नकली सामान ही नहीं बल्कि मिलावटी खाद्य पदार्थो को भी तेजी से तैयार कर दुकाने व गोदामों को भरने का काम चल रहा है। गली गलियारों मे चल रही दूध की डेयरियो पर आस पास के गांवों मे बन रहे नकली दूध की तेजी से सप्लाई की जा रही है। साथ ही नकली पनीर, नकली खोया, नकली मट्ठा, नकली दही व नकली छाछ जहरीले कैमिकल्स आदि के मिश्रण से तैयार की जा रही है, जिसे दीपावली के पर्व पर बाजारों में बेचा जायेगा। नकली दूध, पनीर, दही, छाछ व मिठाईयां बनती है। सभी को पता भी है। मगर ऐसे नकली सफेद जहर (दूध) को बनाने वालों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं हो पाती।



# भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा

**● वेस्टइंडीज से 378 रन आगे, वेस्टइंडीज के 4 विकेट गिरे, स्टंप्स तक स्कोर 140 रन, जडेजा को तीन विकेट मिले**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के बेहतरीन शतक से भारत ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पांच विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट झटककर वेस्ट इंडीज का पहली पारी में स्कोर चार विकेट पर 140 रन कर दिया। विंडीज अभी भारत के स्कोर से 378 रन पीछे है। एक और दिन भारतीयों के नाम रहा।

वेस्टइंडीज ने अहमदाबाद की तुलना में ज़्डादा धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया, लेकिन फिर भी एकाग्रता में कुछ कमियां देखने को मिलीं, जिसका उन्हें इस सीरीज में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत ने आज 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित करने से पहले ठीक 200 रन और जोड़े - यशस्वी जायसवाल के 175 और शुभमन गिल के 129, रनों की बदौलत टीम ने बड़ा स्कोर बनाया।

जॉन कैंपबेल एक अजीबा. ेगरीब तरीके से आउट हुए, लेकिन तेज नारायण चंद्रपॉल और एलिक ऐथनेज ने धैर्य बनाए रखा और दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी की। लेकिन जैसा कि पहले अक्सर होता आया है, एक गलती के कारण चंद्रपॉल आउट हो गए और मेहमान टीम का स्कोर 87/1 से 107/4 हो गया। शाई होप काफी सकारात्मक दिखे और टेविन इमलाक ने आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की। विकेट पर अभी भी रन बने हुए हैं और उन्हें कल अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। भारत के लिए, सब कुछ धैर्य बनाए रखने, सही क्षेत्रों में गें. दबाज़ी करने और अपरिहार्य गलती का इंतज़ार करने पर निर्भर करता है। भारत के पारी घोषित करने के बाद जब वेस्ट इंडीज ने खेलना शुरू किया तो उसे पहला झटका जल्द ही लगा। लेफ्ट आर्म स्पिनर जडेजा ने जॉन कैंपबेल को आउट कर दिया। कैंपबेल ने 10 रन बनाए और विंडीज का पहला विकेट 21 के स्कोर पर गिरा। तेज नारायण चंद्रपाल और ऐलेक ऐथनेज ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। लेकिन जडेजा ने चंद्रपाल को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोघ। चंद्रपाल ने 67 गेंदों में 34 रन बनाए। कुलदीप यादव ने कुछ देर बाद ऐलेक ऐथनेज को पवेलियन की राह दिखा दी। ऐथनेज ने 84 गेंदों पर 41 रन बनाए। जडेजा ने विंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को खाता खोलने का मौका दिए बिना अपनी ही गेंद पर खुद कैच कर लिया। शाई होप ने इसके बाद सावधानी के साथ खेलते हुए नाबाद 31 रन बनाकर पारी को संभाल लिया। उनके साथ दूसरे छोर पर टेविन इमलाक 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से जडेजा ने 37 रन पर तीन विकेट और कुलदीप ने 45 रन पर एक विकेट लिया। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। लंच के बाद शुभमन गिल ने शतक बनाकर तेजी के साथ रन बनाने शुरु किए। इसी दौरान 135 ओवर की दूसरी गेंद पर रॉस्टर चेज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड कर भारत को पांचवां झटका दिया और इसी के साथ भारत ने 518 रन के स्कोर पर पारी घोषित कर दी है। शुभमन गिल ने 196 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 129 रनों की पारी खेली। इससे पहले भारत ने कल के दो विकेट पर 318 रन से आज आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र के दूसरे ही ओवर में यशस्वी जयसवाल रनआउट के रूप में भारत का तीसरा विकेट गिरा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अनमोल खरण सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनमोल खरब ने आर्कटिक ओपन 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फिनलैंड के वांता में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओलंपिक्स डॉट कॉम वेबसाइट के अनुसार, महिला एकल बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में विश्व में 62वें स्थान पर काबिज 18 वर्षीय भारतीय शटलर ने डेनमार्क की विश्व में 63वें स्थान पर काबिज अमाली शुल्ज को मात्र 36 मिनट में 21-15, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट में अनमोल खरब का सबसे अच्छा प्रदर्शन पिछले साल गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहा था।

### आप सिर्फ पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने वाले भारतीय दल को शनिवार को सम्मानित किया और उनके असाधारण जज्बे, दृढ़ संकल्प और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की सराहना की।

भारत विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित कुल 22 पदक जीतकर 10वें स्थान पर रहा। खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने पैरा एथलीटों को 1-09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। भारत की मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट में 100 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया था। आज यहां सम्मान समारोह के दौरान मांडविया ने कहा कि आप पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं।

## भारत की एशिया कप ट्रॉफी एसीसी चीफ की कस्टडी में

**कराची, वार्ता।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और मौजूदगी के बिना एशिया कप ट्रॉफी न तो ऑफिस से हटाई जाए और न ही किसी को सौंपी जाए।

नकवी के एक करीबी सूत्र ने बताया, श्आज तक ट्रॉफी दुबई के एसीसी ऑफिस में ही रखी है। नकवी अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि भारत को यह ट्रॉफी उनसे ही लेनी होगी। भारत ने 28 सितम्बर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। नकवी एसीसी चेयरमैन होने के साथ-साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। एशिया कप फाइनल के बाद





**● मोहसिन नकवी ने कहा: मेरी इजाजत के बिना न दें, टीम इंडिया ने उनके हाथों ट्रॉफी नहीं ली थी**

नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन होने के नाते प्रेजेंटेशन सेरेमनी में आए थे। सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने कहा कि भारतीय टीम उनसे अवाड्र्स नहीं लेगी। भारतीय टीम एसीसी के किसी अन्य अधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेने को तैयार थी, पर नकवी खुद ट्रॉफी देने पर अड़ गए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतर गए। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। भारतीय खिलाड़ियों ने इससे पहले पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। दूसरी ओर, पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने बार-बार 6-0 के इशारे किए थे। वे पाकिस्तान के इस फर्जी दावे को दोहरा रहे थे कि पाकिस्तान ने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के 6 फाइटर जेट गिराए थे। नकवी ने कहा था- मैं कार्टून की तरह खड़ा था 10 सितम्बर को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत को चौंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। नकवी ने कहा, श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 1 अक्टूबर को खबर आई थी कि नकवी ने बीसीसीआई के विरोध के बाद एशिया कप ट्रॉफी को एसीसी ऑफिस में जमा करा दिया है। भारतीय बोर्ड ने एसीसी की एनुअल मीटिंग में नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। इतना ही नहीं, भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो महाभियोग लाकर उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है।

## कप्तान के रूप में गिल ने जड़ा अपना 5वां टेस्ट शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को कप्तान के रूप में मात्र 12 पारियों में अपना पांचवां शतक जड़ा। यह कुल मिलाकर उनका 10वां टेस्ट शतक है। कप्तान के रूप में गिल का यह शतक एक ऐसा रिकॉर्ड है जो उन्हें एलेस्टेयर कुक और सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों की श्रेणी में ला खड़ा करता है। गिल ने खैरी पियरे की गेंद को कवर के ऊपर से तेजी से कट किया और तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। प्रशंसको का आभार व्यक्त करते हुए अपनी टोपी उठाई और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को गले लगा लिया। गिल ने 177 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। गिल की यह उपलब्धि केवल आंकड़ों के लिए ही उल्लेखनीय नहीं है। कुक नौ पारियों में पांच शतकों के साथ पहले और दस पारियों में गावस्कर ही कप्तान के रूप में सबसे तेज पांच शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वास्तव में इससे पहले केवल विराट कोहली ही एक कैलेंडर वर्ष में भारतीय कप्तान के रूप में पांच टेस्ट शतक लगा पाए थे। उन्होंने यह उपलब्धि दो बार, 2017 और 2018 में हासिल की थी।

**कप्तान के रूप में गिल कुक और सुनील गावस्कर की श्रेणी में पहुंचे**



## पार्थसारथी व तविश पाहवा ने अंडर-16 वर्ग में खिताब जीता

**● पार्थसारथी ने श्रीनिती चौधरी को तीन सेटों के मुकाबले में 6-0, 3-6 व 6-4 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पार्थसारथी मुंधे और आठवीं वरीयता प्राप्त तविश पाहवा शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2025 के अंडर-16 वर्ग में चैंपियन बने।

लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, पार्थसारथी को कड़ी टक्कर देनी पड़ी और उन्होंने श्रीनिति चौधरी को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 6-0, 3-6, 6-4 से हराया। उन्होंने पहला सेट बिना कोई गेम गंवाए आसानी से जीत लिया, लेकिन श्रीनिति ने दूसरे सेट में प्रभावशाली वापसी करते हुए मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2-4 से पिछड़ने के बाद, अपनी दृढ़ता का परिचय देते हुए अगले चार गेम लगातार जीतकर एक घंटे 57 मिनट में खिताब अपने नाम कर लिया। इस बीच, लड़कों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, तविश पाहवा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए मन्नान अशोक अग्रवाल को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। तविश ने दोनों सेटों में लगातार बेसला. इन खेल और महत्वपूर्ण सर्विस ब्रेक के साथ रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। मन्नान ने दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन तविश के सधे हुए शॉट चयन और मान. सिक दृढ़ता ने उन्हें सीधे सेटों में खिताब जीतने में मदद की। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे होनहार जूनियर टेनिस प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है।

## मेदवेदेव शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**● फ्रांस के आर्थर ने कनाडा के फेलिक्स को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया**

**शंघाई, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को सातवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2019 के शंघाई मास्टर्स चैंपियन ने ऐस लगाकर जीत पक्की की और अब अपने करियर के 61वें एटीपी टूर सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। मेदवेदेव, जिन्होंने पिछले राउंड में लर्नर टिएन के खिलाफ लगभग तीन घंटे संघर्ष किया था, ने कहा कि मैं बहुत थका हुआ था, और मुझे पता था कि एलेक्स के खिलाफ, लर्नर की तरह, हमारे पास लंबे अंक होंगे। मुझे लगता है कि तीसरे या चौथे गेम में हमारी कुछ लंबी रैलियां हुई, और मुझे लगा कि यह एक लंबा दिन होगा, लेकिन मैं अपने खेल से खुश हूं। मैंने महत्वपूर्ण क्षणों



में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, गेंद को शानदार तरीके से मारा और उस पर दबाव डाला। दूसरा सेट कड़ा था, लेकिन अंत में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैं इस स्तर से वास्तव में खुश हूं। इस बीच, फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 1995 में जन्मे रिंडरकनेच इस साल के टूर्नामेंट के सबसे चौंकाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उनकी करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग इससे पहले 42वें स्थान पर थी। रिंडरकनेच ने कहा कि यह अविश्वसनीय रहा है, और आज मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। मुझे खुशी है कि यह सीधे सेटों में हुआ, इसलिए मैं कल के लिए ज़्डादा थका हुआ नहीं हूं।

### रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे सरफराज, सूर्या को जगह नहीं

**मुंबई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर 15 अक्तूबर से शुरू हो रही रणजी ट्रॉफी 2025-26 में मुंबई की कप्तानी करेंगे। श्रीनगर में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम में शिवम दुबे और सरफ़राज खान भी शामिल हैं। पिछले सीजन तक मुंबई की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे टीम में मौजूद हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव टीम का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर भारत की इंग्लैंड दौरे वाली टेस्ट टीम का हिस्सा थे और पांच में से दो टेस्ट खेले थे, लेकिन मौजूदा वेस्टइंडीज दौरे के लिए उनका चयन नहीं हुआ। उनका पिछला प्रथम श्रेणी मैच दलीप ट्रॉफ़ी में सेंट्रल ज़ोन के खिलाफ़ था। सरफराज दलीप ट्रॉफ़ी से बाहर थे क्योंकि उन्हें बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी। दुबे ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज के लिए रवाना होने से पहले रणजी ट्रॉफ़ी का पहला राउंड खेलेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी भारतीय टीम

**● भारत का शीर्ष और मध्यक्रम अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम रविवार को आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 13वें मैच में डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी, जहां उसे अपने चरित्र और कौशल की कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

कागज़ों पर, यह दो क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच मुक. ाबला है( लेकिन व्यवहार में, यह संयम की लड़ाई है, जहां भारत का शीर्ष और मध्य क्रम आज के महिला क्रिकेट के किसी भी गें. दबाज़ी आक्रमण की तरह अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है। भारत का अब तक का अभियान विरोधाभासों से भरा रहा है।



श्रीलंका और पाकिस्तान पर जीत ने टीम की चमक दिखाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार ने लचताजनक असंगति को उजागर किया, खासकर शीर्ष और मध्य क्रम में। शीर्ष क्रम की मुख्य खिलाड़ी स्मृति मंधाना अच्छी शुरुआत को सार्थक पारी में बदलने के लिए जूझ रही हैं, तीन मैचों में केवल 54 रन बना पाई हैं, जो उनके स्तर की खिलाड़ी से अपेक्षित से बहुत कम है। जेमिमा रोड्रिग्स और प्रतीका रावल का योगदान छिटपुट रहा है, और यहां तक कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी लगातार अपनी लय नहीं बना पाई हैं, जिससे भारत जल्दी ही बिखरने का शिकार हो गया है। ऐसी शुरुआत ने निचले क्रम को बोझ उठाने पर मजबूर कर दिया है, और अक्सर बढ़ते दबाव में पारी को संभाला है। इन मुश्किलों के बीच, ऋचा घोष उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी 94 रनों की पारी ने आक्रामकता और नियंत्रण का संयोजन करने की उनकी क्षमता को दर्शाया है, और उन्होंने उस समय विरोधियों का डटकर सामना किया जब दांव सबसे ज़्डादा था। स्नेह राणा ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, जिससे भारतीय टीम में लचीलेपन की गहराई का पता चलता है। फिर भी, क्रिकेट उस टीम के लिए शायद ही कभी अच्छा होता है जो एक या दो खिलाड़ियों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, और एक अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ, भारत को अपनी वरिष्ठ बल्लेबाज़ों से और अधिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी। ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी फॉर्म में है। हीली, एलिस पेरी, बेथ मूनी और फोएबे लिचफील्ड जैसी उनकी बल्लेबाजी लाइनअप गहरी और अनुभवी है।

### उपेन्द्र रेलवे के लिए रणजी टीम में चयनित

**गोरखपुर, वार्ता।** गुजरात के सूरत में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित रणजी ट्राफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से उपेन्द्र यादव का चयन हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में, बेंगलुरु में 16 से 19 अक्टूबर तक तथा चंडीगढ़ में 26 से 29 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से अंचित एवं विराट का चयन हुआ है और साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के प्रशान्त अवस्थी भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के कोच होंगे। सूरत में आयोजित इस रणजी ट्राफी में पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ी उपेन्द्र भारतीय रेल की टीम का हिस्सा हैं।

## म्लाबा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को महिला विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच के दौरान आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया। आईसीसी ने गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में बाएं हाथ की स्पिनर ने 17वें ओवर में हरलीन देओल को आउट करने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाने का इशारा किया था। मैच अधिकारियों ने इस हरकत को भड़काऊ माना। म्लाबा को अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो कि किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर उसकी भाषा, क्रिया या हाव-भाव का अपमान करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। म्लाबा ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के तहत आरोप स्वीकार कर लिया है यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है। अंपायर जैकलीन विलियम्स, किम कॉटन, कैंडेस ले बोर्डे और सू रेडफर्न के आरोप पर मैच रेफरी टुडी एंडरसन ने यह सजा सुनाई। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है।

# अवैध खनन के 7 वाहन सीज, 6 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अवैध खनन परिवहन पर एसडीएम सदर द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, राजस्व विभाग व स्थानीय थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर क्षेत्र में अवैध खनन परिवहन कर रहे सात वाहनों को सीज करते हुए आमदा फसाद कर रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

शनिवार को डीएम मनीष बंसल व एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश एवं एसडीएम सदर सुबोध कुमार की अगुवाई में राजस्व टीम व पुलिस टीम द्वारा अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से खनन परिवहन कर रहे सात वाहनों को माइनिंग टैग न होने, ओवरलोड तथा नम्बर प्लेट से छेड़छाड़ करने के कारण तुरंत सीज कर दिया गया। साथ ही साथ अवैध खनन परिवहन में लिप्त छह अभियुक्तों को मौके से आमदा फसाद करते हुए गिरफ्तार किया गया।



थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया है कि मौके से पकड़े गए सात वाहनो को कब्जे में लेकर थाना लाया गया है।

वहीं मौके से गिरफ्तार आमदा फसाद कर रहे छः आरोपीयों जिशान पुत्र नवाब निवासी ग्राम ढाकादेई थाना नानौता सहारनपुर, आशु पुत्र इरफान निवासी बुडनपुर थाना गंगोह सहारनपुर, प्रवेज पुत्र साजिद निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जिला शामली, दाऊद पुत्र मौहम्मद अली निवासी ग्राम हरि थाना सरूरपुर जिला मेरठ, सद्दाम पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम भैसानी इस्लामपुर थाना थाना भवन जिला शामली व तन्जीम पुत्र जीशान निवासी केरटू थाना झिंझाना जिला शामली के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## पुत्री को भगाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कोतवाली पहुँचे पीड़ित ने एक व्यक्ति पर अपने नाबालिग पुत्र को अज्ञात जगह ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाही की माँग की है।

भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रोहित राज गौतम के नेतृत्व क्षेत्र के गाँव निवासी ग्रामीण कोतवाली पहुँचे जहाँ मुकेश पुत्र भज्जड ने तहरीर देकर बताया कि गाँव का ही अनन्त पुत्र चमन उसके पुत्र रितिक उर्फ कालू को विगत 5 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे घर से बुला कर ले गया था।जिसका आज तक कोई पता नहीं चला।जब रितिक के बारे में अनन्त से पूछताछ की तो उसने सही बात नहीं बताई।पीड़ित मुकेश का कहना है कि उसने पहले भी थाने में तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने नामजद की बजाए अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया।मुकेश ने कहा कि उसे शंका है कि उसके पुत्र को या तो कहीं गायब कर दिया।

# अफगानिस्तान के विदेश मंत्री से मिले जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देवबंद पहुंचे अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी ने मुलाकात की और दीनियात पर चर्चा की।

मौलवी अमीर खान मुत्तकी का देवबंद आगमन पर जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी ने इस्तकबाल करते हुए अपने देश की जमी को दीनियात की तालिम का मरकज बताया। उन्होंने कहा कि भारत की इस सरजमीन से तालीम हासिल कर दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जाकर अपनी सेवाए दे रहे है। आज अफगानिस्तार के विदेश मंत्री मौलाना अमीर खान मुत्तकी की यह आमद इस बात का परिचायक है कि दारूल उलूम देवबन्द ने दुनिया में अपनी खिदमात से लोगों को फैजयाब किया है।

## वेतन न मिलने से परिवार चलाना मुश्किल

**सहारनपुर।**अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आउटसोर्स कर्मियों के वेतन वृद्धि को लेकर जारी अपने बयान में कहा था की आउटसोर्स कर्मियों को वेतन के रूप में उन्हें दस हजार प्रतिमाह के स्थान पर अब बीस हजार का वेतन मिला करेगा, हालांकि अभी इस मामले को लेकर आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी दी गई है।

सबसे बड़ा सवाल है जब गठन होगा सो होगा लेकिन फिलहाल तो आउटसोर्स कर्मचारी की वर्तमान स्थिति भयावह प्रतीत हो रही है,क्योंकि सरकारी विभागों में कार्य करने वाले आउटसोर्स कर्मचारी का वेतन पिछले 6 माह से नहीं मिला है,विडंबना देखिये दीपावली का त्यौहार भी समीप है परंतु उनका वेतन अभी भी जारी नहीं किया जा रहा है,आपको बता दें । सूत्रों के अनुसार जिले के विभागों में लगभग छह सौ कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पिछले छह महीनों से वेतन न मिलने के कारण उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि रोज मेहनत से काम करने के बावजूद समय पर उनको वेतन न मिलने से घर का खर्च और बच्चों की पढ़ाई तथा रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना अब मुश्किल हो गया है, कर्मचारियों ने बताया क्योंकि उन्हें पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिल पा रहा है। बच्चों की फीस और घर के खर्चों में परेशानी हो रही है। घर का खर्च अब उधार से चलाना पड़ रहा है। जबकी दीपावली का त्यौहार भी नजदीक है लेकिन अभी तक उनकी जेब खाली है। एजेंसी और विभाग की इस खींचतान के बीच खामियाजा आउटसोर्स कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक,विभागों की वेतन फाइलें प्रक्रिया में अटकी हुई हैं। जिससे एजेंसियों की लापरवाही के चलते भुगतान में लगातार देरी हो रही है।

# जागरूकता अभियान के हिस्सेदार बनें व्यापारी: मुनीश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुल दाल मंडी संयुक्त व्यापार संघ द्वारा मिशन शक्ति व साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को साइबर फ्राड के प्रति जागरुक किया।

पुल दाल मंडी स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम मुनीश चंद्र, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान व सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा, व्यापारी नेता कृष्ण लाल ठक्कर, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सिराजुद्दीन, साइबर प्रभारी ठाकुर सनी सोम, महिला सब इंस्पेक्टर अंजू सिंह एवं अध्यक्ष सूरज ठक्कर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



पुलिस क्षेत्राधिकारी मुनीश चंद्र ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं व व्यापारियो को उनकी सुरक्षा व उनके साथ होने वाले साइबर फ्राड के बारे मे जागरूध्क करना है उन्होने व्यापारियो से उनके साथ होने वाले किसी भी साइबरध्फ्राड के बारे मे तत्काल हैल्पलाइन नंबर पर काल करने के प्रति जागरुक किया। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि व्यापारी अपना व्यापार पूरी ईमानदारी व लगन के साथ करे साथ ही अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। साइबर क्राइम करने रोज नए-नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं। जागरूक रहकर ही हम अपना बचाव कर सकते हैं।

इस दौरान महामंत्री ऋषिराज ढींगरा, कोषाध्यक्ष चिराग डावर,रवि जसूजा, मुकेश धवन, फरजान अहमद,अरुण अग्रवाल, प्रमोद साहनी,ओमपाल, प्रवीण ठकराल, अनमोल ठक्कर, अमित ठक्कर, वीरू मदान, राजू सोनी, बेदी, गुलशन ठक्कर, विजय बाठला, दीपक मदान, सुभाष हुडिया, सुरेश गुम्बर,दीपक खेडा, अमन,सुदर्शन जुनेजा, प्रवेज साबरी, सतीश मिगलानी, शिव, नीरज सेठ, कपिल, शिवम गुम्बर, मनीष अरोडा, जेन्टल गुप्ता ,काला, उपदेश, रमेश शर्मा अमन,सतीश मिगलानी मौजूद रहे।

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का स्वागत अच्छा कदम: सैयद शकील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व राज्य मंत्री सैयद शकील अहमद ने कहा कि भारत ने देर से ही सही लेकिन एक अच्छा कदम अफगानिस्तान से दोस्ती बढ़ाकर व भारत की सर जमीन पर अफगानिस्तानी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तखी को बुलाकर उठाया है।

शकील अहमद ने कहा कि यह उनकी पहल जहां दोनों देशों में अच्छे संबंध कायम करने में काम करेगी वहीं भारत की तरफ बुरी निगाह रखने वाले अमेरिका को भी लगाम लगाने का काम करेगी, और यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भविष्य में अफगानिस्तान, ईरान,पाकिस्तान व नेपाल जैसे पड़ोसियों से अच्छे संबंध रख बड़े भाई का किरदार निभाएंगे तो वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया में विश्व गुरु बनेगा।

❑**गंगोह।** श्री भगवती मेले में यूं तो बच्चों व बडों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के झूलें, मिक्की माउस व भूत बंगला आकर्षण का केन्द्र बने है। वही ऊंट की सवारी भी सबकों भा रही है। बच्चे व बडे सभी ऊंट पर बैठना व घुमना पसंद कर रहे है। राजस्थानी वेषभूषा में सजाये गये ऊंट का मास्टर भी रंग बिरंगी पोशाक में सबका मन मोह रहा है।

# नेताजी का रहा प्रभावशाली सियासी जीवन: वीरेन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेडी।** लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी में समाजवादी पार्टी सपा के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई।

वीरेंद्र सिंह यादव पूर्व न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी ने राजनीति में अपनी लंबी एवं प्रभावशाली जीवन में उन्होंने गरीब किसान मजदूर और कमजोर अल्पसंख्यक वर्गों के हक के लिए संघर्ष किया। चंद्रशेखर यादव पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी ने बताया कि उन्होंने 1967 में राजनीतिक यात्रा शुरू की और समाजवादी विचारधारा को स्थापना करने के लिए समाजवादी पार्टी की स्थापना की। जिला उपाध्यक्ष अच्छन यादव, महेंद्र राकेश, यादव महासभा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव पूर्व सूचना अधिकारी, मास्टर धर्मपाल यादव, रामाशीष यादव ने भी अपने विचार रखे।

मास्टर भोपाल सिंह यादव, प्रधान प्रदीप यादव चेतराम यादव बलवीर सिंह यादव इटावा वाले राज देव वीरेंद्र सिंह एडवोकेट अमतेश यादव नरेंद्र माडेबास योगेश शर्मा सचिव, नवाजिश खान शफाकत अली खान तेजेन्द्र उर्फ पिल्लू यादव सरोज सिंह श्रवण गुर्जर सूरजपाल यादव सतीश यादव धर्मवीर यादव गुरपाल सिंह सरदार आदि ने मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उनके किए हुए कार्यों पर प्रकाश डाला।

# पशु कटाने करने वाले मुठभेड़ में गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मुठभेड में अवैध रूप से पशु कटान करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साईकिल रिक्शा, अवैध हथियार व पशु अवशेष तथा पशु कटान के उपकरण बरामद किय है।

कुतुबशेर थाना प्रभारी एच एन सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक पंकज शर्मा भैरो मन्दिर चौकी प्रभारी की टीम ने नदीम कालोनी में कमेला रोड पर इरफान उर्फ फाना के गोदाम में अन्दर प्रवेश करने का प्रयास किया गया, तो सामने 04 व्यक्ति खड़े हुए दिखायी दिये जिन्होने पुलिस वालों को देखा और चिल्लाकर कहा कि पुलिस आ गयी है गोली मारो, इतना सुनते ही उनमे से एक व्यक्ति ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए घेराबन्दी करते हुए 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार बदमाशो की पहचान इरफान उर्फ फाना पुत्र इनाम निवासी लोहानी सराय थाना कुतुबशेर व शकील पुत्र मुख्तार मूलपता गाँव गोरो जिला मुगेर (बिहार) हालपता जैनब कालोनी थाना मंडी के रूप में हुई। उनके 2 साथी मौके से फरार हो गये। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मुकदमा दर्ज किया।

## अहोई की तैयारी शुरू

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र में अहोई अष्टमी के पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। बाजारों में पर्व को लेकर दुकानें लगना आरंभ हो गई है।

दीपावली से एक सप्ताह पूर्व मनाए जाने वाले अहोई पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। पर्व पूरे क्षेत्र में सोमवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर अहोई माला में डाले जाने वाले चांदी के दानों की जगह-जगह दुकानें लग गई है। महिलाएं बच्चों की लंबी उम्र के लिए इस दिन व्रत रखती है।

अहोई माता के चित्रों की बिक्री भी बाजार में शुरू हो गई है। इस पर्व के मनाने के साथ ही दीपावली की तैयारियां भी शुरू हो जाती है।

त्यौहारों के कारण घरों में रंगाई पुताई का काम भी तेजी से शुरू हो गया है। लोगों ने घरों व दुकानों की सजावट का काम भी शुरू कर दिया है।

## वीडियो व ऑडियों के जरिए किया गया जागरूक



**सहारनपुर।** महिला थाना नोडल अधिकारी साइबर व एंटी रोमियो प्रभारी उनि अर्शिया कुरैशी मय म.का. राधा, म. का. कोमल व वर्षा एवं साइबर थाना टीम निरीक्षक संजय कुमार, उनिआशीष चौधरी मय म का रुचि व रूपा द्वारा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान व मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत आर सी इंटर कॉलेज हिम्मतनगर में पढ़ने वाले छात्र व छात्राओं को साइबर अपराध से जुड़ी हुई वीडियो व ऑडियो के माध्यम से डिजिटल एरेस्टिंग, साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे जागरुक किया गया। साथ ही हैल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए और समस्याएं पूछकर उनका निस्तारण किया गया।

# तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

नगरीय खंड संसाधन केंद्र, नुमाइश कैंप पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्री प्राइमरी स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों को दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन,एवं उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की जानकारी कराना है। ताकि प्री प्राइमरी स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिव्यांग बच्चों का समावेशन किया जा सके। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर कमलेश कुमार यादव, एवं चंद्रमणि रुहेला के द्वारा चर्चा - परिचर्चा एवं प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को पूर्ण कराया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस में योगेश शर्मा खंड शिक्षा अधिकारी एवं अरविंद कुमार सिंह जिला समन्वयक के द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों, एवं धरातल पर इसकी उपयोगिता पर विस्तृत मार्ग दर्शन किया गया एवं अपेक्षा की गई कि सभी पूर्ण मनोवेग से ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण को अंतिम रूप प्रदान करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है की इन कार्यक्रमो का उद्देश्य, एवं धरातल पर इसकी उपयोगिता पर विस्तृत मार्ग दर्शन तभी सार्थक होगा जब दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन एवं उनकी विशेष आवश्यकताओं के संबंध में विभाग के द्वारा समुचित जानकारी दी जाती हो। आपको ज्ञात हो पिछले कुछ वर्षो पूर्व दिव्यांग बच्चों को स्कूल आने व जाने की सुविधा परिवहन भत्ता और सहायक उपकरण जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती थी, अर्थात कई जिलों में स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों तक दिव्यांग बच्चों को लाने व ले जाने के लिए वहान व्यवस्था की जाती थी, जिसमें कुछ स्थानों पर बच्चों को मासिक परिवहन भत्ता ढाई सौ रुपए एवं पांच सौ रु. तक दिया जाता था जो बाद में बंद कर दिया गया। जिसके कारण आज भी ऐसे अनेक दिव्यांग बच्चे मौजूद है जो विधालयों में नहीं पहुंच पाते हैं।

# सर्दी आते ही बढ़ने लगे बीपी, हार्ट के मरीज: डा. मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** प्रख्यात चिकित्सक डा.संजीव मिगलानी ने कहा कि सर्दी आते ही बीपी, हार्ट और ब्रेन हेमरेज के मरीजों की संख्या बढने लगी है।

डा.मिगलानी ने बताया कि उच्च रक्त चाप आज पूरे विश्व में महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। विश्व में करीब एक अरब से ज्याद लोग उच्च रक्तचाप से ग्रस्त है। भारत में हाई ब्लड प्रेशर के 11 करोड 20 लाख मरीज है। भारत में पांच व्यक्तियों में से एक व्यक्ति उच्च रक्तचाप से पीडित है। उन्होंने कहा कि तेज सर्दियों में केटीकोलामीन का रिसाव बढ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर बढ जाता है। ब्लड प्रेशर बढने से ब्रेन हेमरेज और हार्ट अटैक बढ जाते है। इसलिये ब्लड प्रेशर की दवाई छोडनी नहीं चाहिये। उन्होंने बताया कि 70 प्रतिशत मरीजों को उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी है जिनमें से 59 प्रतिशत मरीज ही अपना इलाज करवा पाते है और उनमें से 34 प्रतिशत मरीज ही हाई ब्लड प्रेशन नियंत्रित कर पाते है। शेष 66 प्रतिशत मरीज अपना हाई ब्लड प्रेशर नियंत्रण नहीं कर पाते है। उन्होंने कहा कि धूमपान, अधिक नमक लेने वाले, अधिक शराब पीने वाले, टाईप ए पर्सनलटी, डायबिटिक के मरीज, आनुवांशिकता, मोटे लोगों और व्यायाम न करने वालों में हाई बीपी की संभावना ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर का इलाज ना करने वाले मरीजों में 40 प्रतिशत ब्रेन हेमरेज अधिक होता है और हार्ट अटैक 15 प्रतिशत अधिक होता है। दवाईयां मरीज को अपने आप घटानी या बढानी नहीं चाहिये, बल्कि अपने चिकित्सक की सलाह ले।

# बेहट में हर्षोल्लास से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुन्दर सुंदर झांकियां शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस तथा पी ए सी बल तैनात रहा।

शनिवार को नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा का नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव कर्णवाल राकेश गाबा व्यापारी नेता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर ने फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू ने कहा कि प्राचीन काल के महान ऋषियों की श्रेणी में महर्षि वाल्मीकि को प्रमुख स्थान प्राप्त है वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा प्रमुख धार्मिक पुस्तक रामायण के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध है। अत: हमे महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेने हुए उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी, मुजफ्फराबाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर तथा व्यापारी नेता राकेश गाबा ने कहा कि प्राचीन काल से ही देश पर उनके सात्विक व आदर्श विचारों का गहरा प्रभाव रहा हैं सामाजिक समरसता पर आधारित उनके वैचारिक प्रकाशपुंज देश वासियों को सदैव आलोकित करते रहेंगे।कार्यक्रम को व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अवनीश अग्रवाल भाजपा नेता राकेश गाबा जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम अनिल सिंघल सभासद मास्टर जमील अहमद ने भी महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व राजकुमार बिरला गुलशन भारती राजेश कुमार ने मुख्य अतिथियों मालाएं डालकर स्वागत किया गया। वाल्मीकि मंदिर से झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मोहल्लों से होती हुई वापस मन्दिर प्रांगण पर समाप्त हुई।कार्यक्रम में समाज सेवी नीरज कुमार दीपक अग्रवाल एडवोकेट, लाखन, पीरु मिया मोहमद अहमद,अनिल सिंघल मिर्जा फजलुर्रहमान मंजीत नौटियाल राजकुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी भारी पुलिस बल था पीएससी बल के साथ शोभा यात्रा के साथ तैनात रहे।



# सपा महिला सभा कार्यकारिणी का विस्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कायनात को जिला सचिव व फरजाना को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया, जिन्हे आज सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद व महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान ने नियुक्ति पत्र दिया।

आज अम्बाला रोड़ स्थित जिला कार्यालय पर शनिवार को महिला सभा का जिला विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान एवं प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने संयुक्त रूप से नई पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम में कायनात को जिला सचिव तथा फरजाना को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गो को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। प्रदेश सचिव रूही अंजुम व जिला अध्यक्ष महजबी खान ने कहा कि सपा ही महिलाओं की सच्ची हितैषी पार्टी है। वरिष्ठ नेता फैसल सलमानी व प्रदेश सचिव जमाल साबरी एडवोकेट ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी चुनावों की तैयारी में जुट जाएं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हसीन कुरैशी, प्रदेश सचिव जमाल साबरी एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष नाजिया अल्वी, मीरा रानी, हुमा शादाब अंसारी अध्यक्ष महानगर मजदूर सभा, वेदपाल, कैफ कुरैशी, रहमान सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पाक में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर बड़ा आत्मघाती हमला

## छह आतंकवादी मारे गए, सात जवानों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद से जूझ रहा है। भुखमरी, महंगाई और बेरोजगरी से त्रस्त पड़ोसी देश की आए दिन होने वाले आत्मघाती हमलों ने कमर तोड़ दी है। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पर हुए आतंकी हमले के बाद पांच घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन और आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार (11 अक्टूबर) को बताया कि गोलीबारी में छह और पुलिसकर्मी मारे गए।

डेरा इस्माइल खान जिले के रत्ता कुलाची पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पर हुए हमले के बाद पुलिसकर्मियों की जवाबी गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए थे, और कुछ अन्य के परिसर के अंदर छिपे होने की बात कही गई थी। शुक्रवार देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकवादी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे



■ देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई

पहले एक पुलिसकर्मी के मारे जाने की खबर आई थी, जिससे हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या सात हो गई, जबकि 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी प्रशिक्षु रंगरूटों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। इस अभियान में एसएसजी कमांडो, अल-बुर्क फोर्स, एलीट फोर्स और पुलिसकर्मी शामिल थे। यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक ट्रक को पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के मुख्य द्वार से टकरा दिया, जिससे एक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद वर्दी पहने आतंकवादी परिसर में घुस आए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को घेर लिया। गोलीबारी के दौरान आतंकवादी हथगोले फेंकते रहे। डीपीओ डेरा इस्माइल खान साहिबजादा सज्जाद अहमद और आरपीओ सैयद अशफ़ाक अनवर ने मौके पर अभियान की व्यक्तिगत निगरानी की। पांच घंटे की कड़ी मुठभेड़ के बाद छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने उनके पास से आत्मघाती जैकेट, विस्फोटक, आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। 13 घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। डीपीओ के अनुसार हमले के दौरान प्रशिक्षण स्कूल में लगभग 200 प्रशिक्षु, प्रशिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने पुष्टि की कि इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है और किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए तलाशी और सफाई अभियान जारी है।



**इंग्लैंड। मैनचेस्टर में मुक्केबाज रिकी हैटन के अंतिम संस्कार के दौरान मैनचेस्टर कैथेड्रल के बाहर जमा भीड़।**

### संक्षिप्त समाचार

#### मेक्सिको में भारी बारिश से 28 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य और पूर्वी मेक्सिको में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिका. रियों ने शुक्रवार को यह जानक. ारी दी। उनहोंने बताया कि सबसे ज्ड़ादा मौतें पूर्वी मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य में (16 मौतें) हुईं और लगभग 1000 घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मध्य मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में पाँच लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हो गए, जबकि वेराक्रूज़ में दो और क्वेरेटारो में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

#### कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चीन ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि वेनेजुएला के पास अमेरिकी सैन्य अभियान इसकी प्रमुख वजह है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने की आड़ में वेनेजुएला के कैरिबियन जलक्षेत्र में हाल ही में अमेरिकी सेना की तैनाती की आलोचना की। उन्होंने वेनेजुएला के जहाजों को डुबोने, नाविकों पर गोली चलाने और मछली पकड़ने वाली नौकाओं को ज़ब्त करने जैसी कार्रवाइयों का उल्लेख किया और कहा कि इनसे क्षेत्रीय तनाव बढ़ा है।

#### हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र वोलोंगोंग के दक्षिण में शनिवार सुबह एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया के राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने एक बयान में बताया कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शेलहार्बर हवाई अढे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के ज़मीन से टकराते ही उसमें आग लग गई।

# ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100% अतिरिक्त टैरिफ

## रेयर खनिज निर्यात पर कंट्रोल से नाराज, कहा: चीन दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन में निर्मित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह आयात शुल्क चीन की निर्यात नीति के जवाब में लगाया गया है, जिसमें वह दुर्लभ खनिजों पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रहा है, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं रक्षा उद्योगों के लिए बहुत अहम हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी आगामी बैठक के बारे में कहा कि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। ट्रम्प की जिनपिंग के साथ दक्षिण कोरिया में अगले एक पखवाड़े में बैठक निर्धारित है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर आयात शुल्क बढ़ोतरी का खुलासा करते हुए कहा कि नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे।

इसके अलावा ट्रम्प ने घोषणा की कि उनका प्रशासन दुर्लभ खनिज निर्यात पर चीन की कड़ी पकड़ के जवाब में किसी भी और सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विश्वास करना बहुत कठिन है कि चीन ने ऐसी कार्रवाई की होगी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया और बाकी सब इतिहास है। उन्होंने चीन द्वारा अचानक दुर्लभ खनिज निर्यात नियंत्रण पर आश्चर्य व्यक्त किया तथा इसे अचानक उठाया गया कदम करार दिया। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। मैं वहां ज़रूर जाउंगा। लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया। अचानक वह आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा लेकर आये और किसी को इसके बारे में कुछ पता नहीं था। ट्रम्प ने दोहराया कि अतिरिक्त शुल्क एवं निर्यात नियंत्रण चीन की अत्यधिक आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ लगाए जाएंगे। एक नवम्बर से लागू होने वाले ये शुल्क चीन की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रभावी होंगे, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण व्यापारिक संबंध और खराब हो जाएंगे। शेयर बाजारों ने इस खबर पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की, नैस्डैक में 3.6 प्रतिशत और एसएंडपी 500 में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन ने इस हफ्ते नए प्रतिबंध लागू किए हैं जिनके अंतर्गत विदेशी संस्थाओं को चीन से प्राप्त या चीन में प्रसंस्कृत 0.1 प्रतिशत से जयादा दुर्लभ खनिजों वाले किसी भी उत्पाद के निर्यात के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है।

चीन वर्तमान में दुनिया भर में दुर्लभ खनिजों की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति को नियंत्रित करता है, जो स्मार्टफ़ोन से लेकर सैन्य उपकरणों तक की तकनीकों के लिए ज़रूरी हैं। वर्तमान में चीन की वस्तुओं पर 30 प्रतिशत अमेरिकी आयात शुल्क लगा हुआ है, जिसे ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान लागू किया था, जिसमें उन्होंने चीन पर फेंटेनाइल व्यापार को बढ़ावा देने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। इस हफ्ते की शुरुआत में, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि दुर्लभ खनिज निर्यात के संबंध में चीन की बेहद शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के बाद जिनपिंग से मुलाकात करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ उत्तर देने की तैयारी कर रहा है। उनसे जब पूछा गया कि अगर चीन अपने प्रतिबंध हटा लेता है, तो क्या अमेरिका अतिरिक्त शुल्क हटा लेगा, तो ट्रम्प ने जवाब दिया कि हमें देखना होगा कि क्या होता है और इसीलिए इसके लागू करने की तारीख एक नवम्बर रखी गई है। ट्रम्प ने निर्यात पर और अधिक नियंत्रण लगाने का भी संकेत दिया तथा कहा कि विमान के पुर्जे भी अमेरिका के निशाने पर हो सकते हैं।



■ नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे
■ मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है, मैं वहां ज़रूर जाउंगा, लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया: ट्रम्प

### ट्रम्प को शांति पुरस्कार न देने पर नोबेल समिति की आलोचना

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बजाय वेनेजुएला के एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अपना सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए 'शांति पर राजनीति' को तरजीह देने का आरोप लगाया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को समिति ने घोषणा की कि मारिया कोरिना मचाडो को 'वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य' के लिए शांति पुरस्कार दिया जाएगा। ट्रंप इस पुरस्कार की अपनी इच्छा के बारे में मुखर रहे हैं और कई वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने का श्रेय लेते रहे हैं। उन्होंने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान भी, नियमित रूप से इस मुद्दे को उठाया। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीबीसी के अमेरिकी मीडिया पार्टनर सीबीएस को बताया कि उन्होंने सुमचाडो को बधाई देने के लिए फोन किया और कहा कि वह इस पुरस्कार की हकदार हैं। शुक्रवार सुबह घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे शांति पर राजनीति को तरजीह देते हैं। चेउंग ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करते रहेंगे और जानें बचाते रहेंगे।

# गाजा के कुछ हिस्सों से इजरायली सेना पीछे हटी

■ सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है
■ युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है

**दुबई।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद इजरायल ने सैनिकों को गाजा के कुछ हिस्सों से आंशिक रूप से वापस बुला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की सेना ने कहा कि वे समझौते के तहत शुक्रवार को वापस लौट आए हैं, हालांकि सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है। यह युद्धविराम गुरुवार को इजराइल की सरकार द्वारा अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम और बंधक वापसी समझौते के पहले चरण को मंजूरी देने के बाद लागू हुआ।

युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है। समझौते के तहत हमास सोमवार को स्थानीय समयानुसार 12:00 बजे तक सभी इजरायल के बंधकों को छोड़ेगा, जिसमें 20 जिंदा समेत 28 बंधक शामिल हैं। इजरायल भी उम्रकैद की सजा काट रहे करीब 250 फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा। इजरायल सेना रेडियो ने कहा कि पश्चिम बैंक से 100 और पांच पूर्वी यरुशलम से छोड़े जाएंगे। साथ ही और भी कैदियों को भेजने की संभावना है। इसके अतिरिक्त हिरासत में लिए गए गाजा के 1700 फलस्तीनियों को भी रिहा किया जाएगा। समझौत की शर्तों के तहत चिकित्स एवं राहत सहायता ट्रकों को भी गाजा की जनता तक अत्यंत आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए पट्टी में अप्रतिबंधित रूप से प्रवेश की अनुमति मिलेगी जिनमें से कई लोग दो वर्ष के युद्ध के दौरान बार-बार विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित विशेषज्ञों ने अगस्त में पहली बार इस क्षेत्र के एक हिस्से में अकाल की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि 500000 से अधिक लोग 'भुखमरी, गरीबी और मृत्यु' जैसी 'विनाशकारी' परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, हालांकि इजराइल ने बार-बार इस बात से इनकार किया है कि उसके क्षेत्र में भुखमरी है। इस बीच गाजा में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैनिक गाजा शहर के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाके से पूर्व की ओर वापस चले गए हैं। दक्षिणी इलाके में कुछ इज़रायली सैनिकों के खान यूनिस क्षेत्र से भी पीछे हटने की रिपोर्टें है।

## पुतिन गाजा युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गाजा में युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि इस शांति समझौते को व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला है, जिसमें इस क्षेत्र से सीधे तौर पर जुड़े देशों के साथ-साथ ईरान और रूस जैसी वैश्विक शक्तियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा जयादातर देशों ने इन सभी प्रस्तावों को पारित कर दिया है। हर देश इसमें शामिल है। ईरान भी इसमें शामिल हुआ-मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई। मुझे गर्व है कि ईरान ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा रूस भी इसमें शामिल हुआ। राष्ट्रपति पुतिन। इसका पूरा समर्थन करते हैं। इसलिए मुझे यह देखकर खुशी हुई कि जिन देशों ने इस प्रक्रिया में ज़रूरी तौर पर शामिल नहीं थे, उन्होंने भी इसका समर्थन किया। पुतिन ने कहा कि गाजा पट्टी के लिए शांति योजना पर ट्रंप की पहल को अरब जगत में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि रूस ने गाजा पर ट्रंप की पहल का लगभग तुरंत समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना इस कठिन समस्या से जुड़े सभी मुद्दों के दीर्घकालिक स्थिरीकरण और समाधान के लिए मुख्य शर्त है।

## जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करती है: हरिवंश

**बारबाडोस।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो सभी को प्रभावित करता है। हरिवंश ने आज ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन के दौरान 'द कॉमनवेल्थ -ए ग्लोबल पार्टनर' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो हम सभी को प्रभावित करता है। ऐसे दौर में ग्रीन ग्रोथ हमारा साझा भविष्य है। इसके लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें ग्लोबल साउथ में अपने मित्रों के साथ भी खड़े रहना चाहिए।

# नॉर्थ गाजा लौट रहे हजारों फलस्तीनी

## स्कूल-अस्पताल व घर मलबे में तब्दील हुए, सीजफायर की निगरानी के लिए 200 सैनिक भेजेंगे ट्रम्प

**गाजा।** गाजा में शुक्रवार को सीजफायर लागू होने के बाद फलस्तीनी वापस अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। हजारों लोग दक्षिणी गाजा से पैदल ही गाजा सिटी की तरफ जा रहे हैं। दो साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल से युद्ध के चलते नार्थ गाजा को लोगों ने खाली कर दिया था।

नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है। यहां न बिजली है, न पानी और न ही कोई बुनियादी ढांचा (स्कूल, अस्पताल) बचा है। फिर भी, कई लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। अपने घर लौटे एक व्यक्ति ने मीडिया से कहा कि मेरे घर का सिर्फ निशान मिला है, पूरा मोहल्ला मलबे में दफन है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मध्यस्थता से यह युद्धविराम हुआ, जिसके तहत हमास 72 घंटे के भीतर जीवित इजरायल बंधकों को छोड़ेगा। इसके बदले इजरायल 250 फलस्तीनी कैदियों और 1700 हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करेगा। इजरायल ने 53 प्रतिशत इलाके से सेना हटाने की घोषणा की है और अब 600 राहत ट्रक रोजाना गाजा पहुंचेंगे। वहीं, गाजा में 200 अमे. रिकी सैनिकों की भी तैनाती की जाएगी। गाजा में युद्धविराम के बाद अमेरिका ने सैनिकों की सीमित तैनाती की घोषणा की है।



■ नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है

### ट्रम्प करेंगे मिस्र, इजरायल का दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को पश्चिम एशिया की यात्रा करेंगे जहां वह गाजा युद्ध विराम समझौते के बाद क्षेत्रीय शांति निर्माता के रूप में अपनी कथित भूमिका को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प सोमवार सुबह इजरायल पहुंचेंगे जहां उनके नेसेट को संबोधित करने और उसी दिन वहां से रवाना होने की उम्मीद है। उनकी यह यात्रा युद्धविराम समझौते के अंतर्गत हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की समय सीमा के साथ मेल खाती है। ट्रम्प का मुक्त किए गए बंधकों से मिलने की भी संभावना है। राष्ट्रपति ट्रम्प की यह यात्रा नोबेल शांति पुरस्कार समिति द्वारा पुरस्कार के लिए ट्रम्प के सार्वजनिक अभियान को नजरअंदाज करने के कुछ ही दिनों बाद हो रही है।

# मैक्रों ने किया लेकोर्नु को फिर पीएम नियुक्त

## चार दिन पहले ही सेबेस्टियन लेकोर्नु ने पद से इस्तीफा दिया था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को फिर प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चार दिन पहले ही लेकोर्नू ने पद से इस्तीफा दिया था। इससे देश में एक सप्ताह तक भारी राजनीतिक उथल-पुथल रही।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने शुक्रवार देर रात यह घोषणा की। उन्होंने एलिसी पैलेस में सभी मुख्य दलों के साथ बैठक की, जिसमें धुर दक्षिणपंथी एवं धुर वामपंथी नेताओं को छोड़कर अन्य सभी शामिल थे। लेकोर्नु की वापसी आश्चर्यजनक है, क्योंकि उन्होंने दो दिन पहले ही राष्ट्रीय टीवी पर कहा था कि वह पद के पीछे नहीं भाग रहे थे और उनका मिशन पूरा हो चुका है। यह निश्चित नहीं है कि वह सरकार बना पायेंगे या नहीं, लेकिन उन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करना होगा। नए प्रधानमंत्री के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है। एलिसी पैलेस ने कहा कि राष्ट्रपति ने लेकोर्नु को सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है और मैक्रों की पार्टी ने संकेत दिया है कि उन्हें कार्य करने की पूरी छूट प्रदान की गई है। लेकोर्नु मैक्रों के सबसे वफादार सहयोगियों में से एक हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए मिशन को मैंने कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया है, ताकि वर्ष के अंत तक फ्रांस को बजट प्रदान किया जा सके और हमारे देशवासियों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस सप्ताह फ्रांसीसी टीवी पर लेकोर्नु ने स्वयं को 'सैनिक-भिक्षु' कहा था और सरकार बनाने की तैयारी करते हुए उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं इस मिशन में सफल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा। फ्रांस के राष्ट्रीय ऋण में कमी लाने तथा बजट घाटे में कटौती करने के तरीकों पर राजनीतिक मतभेद होने के कारण पिछले वर्ष तीन में से दो प्रधानमंत्रियों को पद त्यागना पड़ा था, इसलिए लेकोर्नु के सामने चुनौती बहुत बड़ी है।





■ नए पीएम के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है

## ई3 देश गाजा के पुनर्निर्माण में योगदान देने को तैयार

**मास्को।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने अभी हाल ही में इजराइल और फलस्तीन के हमास के बीच घोषित युद्धविराम योजना के अनुरूप गाजा के पुनर्निर्माण और संक्रमणकाल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की है। हालांकि ई3 गाजा में इजरायल द्वारा बस्ती बसाए जाने का विरोध करती है। ई3 देशों की भागीदारी एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा होगी जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, अरब देश और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन और अन्य मध्यस्थों ने इस सप्ताह इजराइल और हमास के बीच एक युद्धविराम समझौता करवाया है जिससे संभवत: दो साल पहले शुरू हुए उस युद्ध का अंत हो सकता है।

# भारत लोकतंत्र और समानता की भावना का जीवंत उदाहरण: बिरला

**बारबाडोस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है और संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है।

बिरला ने 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में 'राष्ट्रमंडल- एक वैश्विक भागीदार' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते। उन्होंने खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए दुनिया के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत कभी खाद्यान्न के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर था और ऐसे चुनौतीपूर्ण समय से लेकर विश्व शक्ति के रूप में सुस्थापित होने का सफ़र प्रभावशाली रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत ने 150 से जयादा देशों को दवाइयां और टीके पहुंचाकर यह सिद्ध किया कि स्वास्थ्य अधिक. ार है, विशेषाधिकार नहीं।



■ संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा





# दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा

**अबू धाबी।** दीपिका पादुक. ोण के बाद सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अबू धाबी पहुंचे हैं। दोनों ने अबू धाबी की शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का दौरा किया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इसकी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि यह जोड़ा मस्जिद में टहल रहा है। सोनाक्षी के मुताबिक उन्हें यहां सुकून मिला है। उनकी इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं।

एक यूजर ने लिखा जूतों के साथ मस्जिद में जाना बहुत गुनाह है। एक दूसरे यूजर ने लिखा है जहीर भाई एहतराम अल्लाह को पसंद है। मस्जिद के लिए थोड़ी इज्जत रखिए। आप इतने बड़े नहीं हैं कि मस्जिद में जूते उतार कर न जाएं। यहां सोनाक्षी की गलती नहीं है। कई यूजर्स ने सोनाक्षी का सपोर्ट किया है। एक यूजर ने लिखा आपकी ड्रेस फ्लोर से मैच कर रही है। एक और यूजर ने लिखा तो सोनाक्षी के लिए ये आम बात है। दीपिका के लिए नहीं? दोनों एक ही मस्जिद में गईं और दोनों अपने-अपने पतियों के साथ खूबसूरत लग रही थीं। क्या हम लोगों को ट्रोल करना बंद कर सकते हैं और उन्हें शांति से जीने दे सकते हैं, इससे पहले दीपिका पादुकोण ने रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी की एक मस्जिद में एक विज्ञापन शूट कराया था। उन्होंने अबू धाबी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया था। इस दौरान उन्होंने अबाया और हिजाब पहना था। इस पर उन्हें कई यूजर्स ने ट्रोल किया था। आपको बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने पिछले साल जून में शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने मुंबई के एक आलीशान रेस्टोरेंट में एक पार्टी रखी थी। इसमें कई बालीवुड हस्तियां शामिल हुई थीं।

## विजय के बाद अब रश्मिका के हाथ में दिखी रिंग

**मुंबई।** साउथ और बॉलीवुड की चर्चित जोड़ी रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच अब उनके सगाई की खबर आग की तह फैल गई।

हैदराबाद में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में 3 अक्टूबर को हुई इस सगाई की झलक तो अब तक फैंस को देखने को नहीं मिली है, लेकिन अब विजय के बाद रश्मिका के हाथों की अंगूठी ने भी सभी का ध्यान खींच लिया है। रश्मिका ने हाल ही में अपने पेट डाग आरा के साथ एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया। वीडियो तो मजेदार था, लेकिन फैंस की नजर सबसे पहले पड़ी उनके हाथ में चमकती डायमंड रिंग पर। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, कमेंट सेक्शन में बधाइयों की बाढ़ आ गई। किसी ने लिखा, ओएमजी। वो रिंग तो लाजवाब है। तो किसी ने कहा, फाइनली हमने रिंग देख ही ली। वीडियो के जरिए भले ही रश्मिका ने सीधे कुछ न कहा हो, लेकिन उनकी मुस्कान और उस रिंग ने सबकुछ बयान कर दिया।

## पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर बोली करीना कपूर



**मुंबई।** करीना कपूर हाल ही में अपनी ननद और एक्ट्रेस सोहा अली खान के पाडकास्ट का हिस्सा बनीं। इस दौरान उन्होंने पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर खुलकर बात की। करीना ने बड़े बेटे तैमूर से जुड़ी जानकारी भी शेयर की। एक्ट्रेस ने बताया कि तैमूर को एक्टर से ज्यादा क्रिकेटर पसंद हैं। तैमूर विराट कोहली और रोहित शर्मा का बड़ा ैन है। करीना ने पाडकास्ट में कहा कि तैमूर अभी चीजों को एक्सप्लोर कर रहा है, लेकिन उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे एक्टिंग में मजा नहीं आता है। उन्होंने कहा, टिम को ड्रामा या एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। जब उसे स्कूल में एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज चुननी होती, तो मैं लिस्ट पढ़कर और उससे पूछती हूं कि क्या तुम इस साल ड्रामा करना चाहते हो? वो नहीं कहता है। मैं जब वजह पूछती तो वो कहता, नहीं, मुझे इसमें मजा नहीं आता।




## रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला की आने वाली फिल्म काफी चर्चा में है। सेट से झलकियां और लीक हुई तस्वीरें सामने आने के बाद से ही यह प्रोजेक्ट सुर्खियों में है। ऐसे में जब इस तिकड़ी को साथ में शूटिंग करते देखा गया, उसके बाद फैन्स के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई यह जानने के लिए कि आखिर यह टीम किस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। टीम ने हाल ही में आखिरी शेड्यूल खत्म किया है, जिससे इस साल के सबसे बड़े और रोमांचक प्रोजेक्ट्स में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, शूटिंग आराम से पूरी हो गई है और मेकर्स जल्द ही कुछ बड़ा करने की सोच रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी खबर अगले हफ्ते आ सकती है।

## फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज

**मुंबई।** सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय से सजी फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधारा, के विजुअली शानदार टीजर और धना पिशाची गीत के बाद, मेकर्स ने अब फिल्म का सबसे जबर्दस्त डांस नंबर पल्लो लटके, पेश किया है,जो अपने हाई-एनर्जी बीट्स और जोशीले मूव्स के साथ हर डांस फ्लोर को जगमगाने के लिए तैयार है। पल्लो लटके गीत में जहां सुधीर बाबू अपने स्टाइलिश लुक और दमदार स्क्रीन प्रेजेन्स से दिल जीत ले रहे हैं, वहीं श्रेया शर्मा अपनी ग्रेस और एनर्जी से हर फ्रेम में चार चांद लगा रही हैं।

